राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 129, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 24 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



## मुख्य अपडेट

दिल्ली भाजपा ने पूर्व अध्यक्ष देहदानी श्री मांगे राम गर्ग को जन्मजयंती पर पुष्पांजलि अर्पित .... पेज 03

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट बना लोगों के मध्य आकर्षण का केन्द्र .... पेज 05

भारतीय टीम ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते .... पेज 07

विधानसभा चुनाव




राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले जयपुर, राजस्थान में झोटवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में एक रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# उत्तरकाशी टनल हादसा : रोकी गई ड्रिलिंग, जल्द निकलेंगे मजदूर

### 1.8 मीटर की ड्रिलिंग के बाद मलबे में सरिया आने से खुदाई रोकनी पड़ी

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में उत्तरकाशी टनल में पाइप डालने वाली ऑगर मशीन का प्लेटफॉर्म टूट गया। जिसके चलते 12 नवंबर से फंसे 41 मजदूरों का रेस्क्यू शुक्रवार सुबह तक के लिए रोक दिया गया है। उधर, प्लेटफॉर्म की मरम्मत की जा रही है।

इससे पहले गुरुवार दोपहर 1.15 बजे मजदूरों तक पहुंचने के लिए बाकी 18 मीटर की खुदाई शुरू की गई, लेकिन 1.8 मीटर की ड्रिलिंग के बाद मलबे में सरिया आने से खुदाई रोकनी पड़ी। इसे दिल्ली से हेलिकॉप्टर से पहुंचे 7 एक्सपर्ट्स ने ठीक किया।



अधिकारियों ने बताया- कल 1.86 मीटर ड्रिलिंग हुई। अभी 16.2 मीटर खुदाई बाकी है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने गुरुवार को कहा था- अगले कुछ घंटों या कल तक हम मजदूरों को बाहर निकाल लेंगे। यह काम काफी चुनौती भरा है। ऐसी स्थिति में टनल में फंसे मजदूरों और रेस्क्यू टीम के सदस्य दोनों की जान खतरे में है। हमें दोनों की सुरक्षा का ख्याल रखना होगा।

एनडीएमए टीम के कुछ सदस्यों का कहना है- डिलिंग के दौरान अभी 3 से 4 और बाधाओं का सामना कर पड़ सकता है। रेस्क्यू कब तक पूरा होगा, इस बारे में अनुमान लगाना सही नहीं है।

#### लगातार दूसरे दिन मलबे में सरिया आया, मशीन खराब हुई

रेस्क्यू ऑपरेशन के नोडल सचिव नीरज खैरवाल ने बताया कि गुरुवार को मलबे में सरिया आने की वजह से पाइप कुछ मुड़ गया है। ऑगर मशीन को नुकसान हुआ है। दो एक्सपर्ट की मदद से सरिया काटा गया, जिसके बाद ड्रिलिंग का काम दोबारा शुरू हुआ। बुधवार रात भी ऑगर मशीन के सामने सरिया आ गया था। एनडीआरएफ की टीम ने रात में ही सरिया काटकर अलग कर दिया था। इससे पहले, एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार तक मजदूरों तक पहुंचने के लिए 45 मीटर का रास्ता क्लियर कर लिया था। गुरुवार को रेस्क्यू पाइप को 1.8 मीटर पुश किया गया। अब तक कुल 46.8 मीटर पाइप पुश किया जा चुका है।

# जालंधर में नेशनल हाईवे के बाद रेलवे ट्रैक भी जाम

### किसानों ने गन्ने के दाम को लेकर आंदोलन किया



#### कुल 54 गाड़ियां तीन दिन तक कैंसल

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि लंबे पर अमृतसर से चलने वाले सभी ट्रेनों को लोहियां खास से फगवाड़ा होते हुए आना होगा। जालंधर सिटी और कैंट स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने वाले वाले यात्रियों को अब फगवाड़ा या लुधियाना से ट्रेन पकड़नी होगी। लोकल जालंधर से नूरमहल, लुधियाना, लोहिया, फगवाड़ा, नवांशहर के लिए चलने वाली करीब 11 ट्रेनें रद्द की गई है। वहीं, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, लुधियाना, अमृतसर आने वाली करीब 54 ट्रेनें कैंसल कर दी गई हैं।

एजेंसी

जालंधर। पंजाब के जालंधर में दिल्ली-जम्मू नेशनल हाईवे (एनएच-44) के बाद किसानों ने रेलवे ट्रैक भी अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया है। गन्ने का रेट बढ़ाने की मांग को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने लुधियाना की तरफ जाते वक्त पीएपी चौक से कुछ दूरी पर धन्नोवाली फाटक के पास ही रेलवे ट्रैक और नेशनल हाईवे को बंद किया है। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है।

रेलवे ट्रैक बंद होते ही शताब्दी एक्सप्रेस को कपूरथला के फगवाड़ा में रोक दिया था। यह प्रदर्शन जालंधर कैंट स्टेशन के पास हो रहा है। इसलिए आम्रपाली एक्सप्रेस को जालंधर सिटी स्टेशन पर रोका गया, जिसके बाद उसे लोहिया खास वाले रूट से निकलवाया गया। रेलवे के मुताबिक इस ट्रैक से रोजाना चौबीस घंटे में 120 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होगी।

इससे हजारों की संख्या में यात्रियों को भी परेशानियों का सामान करना पड़ेगा। जालंधर-जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को फगवाड़ा और लुधियाना से ट्रेन पकड़नी पड़ रही है। वहीं, अमृतसर के यात्रियों को भी फगवाड़ा और लुधियाना ट्रेन पकड़ने के लिए जाना पड़ेगा।

गुरुवार को सुबह किसानों द्वारा रेलवे ट्रैक जाम किए जाने तक 40 ट्रेनें निकल चुकी थीं। शाम तक करीब 112 कुल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। जिसमें अगले तीन दिन तक लुधियाना, जालंधर और अमृतसर आने वाली कुल करीब 54 ट्रेनें कैंसल की गई है। 54 ट्रेनों में 42 ट्रेनें तो ऐसी हैं, जिन्हें पूर्ण रूप से कैंसल किया गया है। वहीं, बाकी ट्रेनें ऐसी हैं जो कि लुधियाना, जालंधर और अमृतसर के लिए कैंसल की गई है। लुधियाना से आगे उक्त ट्रेनें चलेंगी।

वहीं, बुधवार को सीएम भगवंत मान के किसानों को हाईवे जाम कर लोगों को परेशान न करने की दो-टूक नसीहत दी थी। हालांकि जालंधर पुलिस बैरिकेडिंग करने के बावजूद किसानों को रोक नहीं पाई।

## उच्चतम न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश फातिमा बीवी का निधन

कोल्लम (केरल)। उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश और तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल एम फातिमा बीवी का गुरुवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 96 वर्ष की थीं। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य के रूप में भी काम किया। पंडालम की रहने वाली फातिमा बीवी ने अपनी स्कूली शिक्षा पथानामथिट्टा के कैथोलिकेट हाई स्कूल से पूरी की। बाद में उन्होंने तिरुवनंतपुरम के महिला कॉलेज से रसायन विज्ञान में डिग्री प्राप्त की और सरकारी लॉ कॉलेज, तिरुवनंतपुरम से एलएलबी की पढ़ाई की। उन्होंने अपना करियर जिला अदालत से शुरू किया और मजिस्ट्रेट के रूप में न्यायिक सेवा में शामिल हो गयीं। बाद में, वह जिला सत्र न्यायाधीश और केरल उच्च न्यायालय की न्यायाधीश बनीं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने फातिमा बीवी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, जस्टिस एम. फातिमा बीवी का योगदान उनकी गहन सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले। उन्होंने कहा, उनका जीवन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की एक प्रेरणादायक कहानी है।

### जम्मू को दहलाने की साजिश नाकाम

# सुरक्षाबलों ने एल ओ सी के पास से जब्त किया हथियारों का जखीरा

श्रीनगर। (पी एम ए) सेना के जवानों ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक ड्रोन द्वारा गिराए गए नौ ग्रेनेड और एक आईईडी समेत हथियार एवं विस्फोटक बरामद किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि ये हथियार एवं विस्फोटक एक बक्से में बंद थे, जिन्हें एलओसी के निकट पालनवाला में सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश अभियान के दौरान बरामद किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि बक्से देख कर संदेह हुआ और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। बक्से में से एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 38 कारतूस और नौ ग्रेनेड बरामद किए गए।

उन्होंने बताया कि माना जाता है कि एक ड्रोन के जरिए आतंकवादियों के इस्तेमाल के लिए हथियारों की यह खेप गिराई गई थी।

उन्होंने बताया कि जिस बक्से में हथियार और विस्फोटक सामग्री रखी गई थी, वह वैसा ही है जैसा पिछले दिनों नियंत्रण रेखा के पार मौजूद



आतंकवादियों ने गिराया था। खौर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू हो गई है।

#### राजौरी मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

वहीं, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ गुरुवार सुबह फिर शुरू हो गई है।

इस मुठभेड़ में सेना के जवानों ने दो आतंकी को ढेर कर दिया है। अधिकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने रात में इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। आतंकवादी इस इलाके से भागकर दूसरी तरफ न चले जाएं इसके लिए पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी इलाके से भाग न पाएं, क्योंकि ये घने जंगल का क्षेत्र है।

#### दो अधिकारियों समेत पां जवान शहीद

बुधवार को राजौरी जिले में आतंकवादियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सेना के कैप्टन स्तर के दो अधिकारियों समेत पांच जवान शहीद हो गये थे और दो अन्य घायल हुए। अधिकारियों ने कहा कि एक मेजर और एक अन्य जवान घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को उधमपुर स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को राजौरी के गुलाबगढ़ जंगल के कालाकोट इलाके में संयुक्त अभियान शुरू किया गया। इसमें कहा गया है कि 22 नवंबर को मुठभेड़ शुरू हुई।

# भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे : मोदी

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कान्हानगरी मथुरा में कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब यहां भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे।

संत मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ब्रजरज उत्सव-2023 में श्री मोदी ने कहा कि ब्रज क्षेत्र ने मुश्किल से मुश्किल समय में भी देश को संभाले रखा, लेकिन जब देश आजाद हुआ तो जो महत्व इस पवित्र तीर्थ को मिलना चाहिए था वो हुआ नहीं। जो लोग



भारत को उसके अतीत से काटना चाहते थे, जो लोग भारत की संस्कृति और उसकी आध्यात्मिक पहचान से विरक्त थे, जो आजादी के बाद भी गुलामी की मानसिकता नहीं त्याग पाए। उन्होंने ब्रज भूमि को भी विकास से वंचित रखा। लेकिन अब राम मंदिर की तिथि भी आ गई है और वो दिन भी दूर नहीं जब यहां भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे।

उन्होने कहा कि भारत हमेशा से नारीशक्ति का पूजन करने वाला देश रहा है। कृष्ण के आगे भी राधा ही लगा है। हमारे देश में महिलाओं ने हमेशा जिम्मेदारियां भी उठाईं और समाज को लगातार मार्गदर्शन भी किया है। मीराबाई जी इसका भी एक प्रखर उदाहरण रही है। मीराबाई एक पथ प्रदर्शक रही हैं।

# सड़क हादसा : एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

### कार को कटर से काटकर घायलों और मृतकों को बाहर निकाला गया

कानपुर। कानपुर देहात में गुरुवार तड़के तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में भाई-बहन समेत 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 गंभीर घायल हैं। जिस युवक की मौत हुई उसकी 5 दिन बाद यानी 28 नवंबर को शादी होनी थी। वह ससुराल से बहन को रिश्तेदारों के साथ लेकर लौट रहा था। मृतकों में परिवार की 14 साल की बच्ची और 75 साल की वृद्धा भी है। हादसा गजनेर थाना क्षेत्र के पामा इलाके में हुआ है।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक, हादसे की वजह ड्राइवर को



झपकी आना है। अर्टिगा कार में 9 लोग सवार थे। हाइवे में कार की स्पीड तेज थी, ड्राइवर को झपकी आते ही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पिचक गया। कार को कटर से काटकर घायलों और मृतकों को बाहर निकाला गया। हादसा युवक के घर से महज 10 किमी. पहले हुआ।

पुलिस के मुताबिक, गजनेर थाना क्षेत्र के भैथाना गांव के रहने वाले राजपाल के बेटे जय सिंह की 28 नवंबर को शादी थी।

इस कारण जय सिंह बुधवार रात साढ़े आठ बजे गाड़ी बुककर बहन प्रिया सेंगर को लेने औरैया के बिधूना बंथरा गए थे। रात करीब 11 बजे वह बहन के पास पहुंचे। वहां करीब ढाई घंटे रुकने के बाद रात को डेढ़ बजे बहन, उनके बच्चे और अन्य रिश्तेदार को लेकर कार से भैथाना आने के लिए निकले। इसी दौरान घर से 10 किमी. पहले गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे हादसा हो गया।

हादसे में जय सिंह, उनकी बहन प्रिया, उनके परिवार की प्रिया की नाम की ही एक 14 साल की बच्ची, 75 साल की रन्नो देवी की मौत हो गई। वहीं, प्रिया की बेटियां प्रज्ञा, प्रतीक्षा, बेटा कन्हैया व रिश्तेदार अंश और ड्राइवर प्रदीप घायल हैं। कार ड्राइवर और बच्ची को कानपुर हैलट रेफर किया गया है।

परिजन के मुताबिक, जय की बहन प्रिया की प्रीतम से शादी हुई थी। इनके एक बेटा और दो बेटियां हैं। वहीं मृतका रन्नो देवी का भी मायका भैथना गांव में है। वह रिश्ते में जय सिंह की दादी लगती हैं। वह भी शादी में शामिल होने जा रही थीं।

नोटिस

### मोदी की आलोचना में जेबकतरा और भारतीय क्रिकेट के लिये पनौती जैसे शब्द प्रयोग

# मोदी के विरुद्ध अभद्र शब्दों, आरोपों पर राहुल को निर्वाचन आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के नेता एवं लोक सभा सदस्य राजीव गांधी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राजस्थान की एक चुनावी जनसभा में अमर्यादित शब्दों और निराधार आरोपों के खिलाफ शिकायत पर गुरुवार को जवाब तलब करने का नोटिस जारी किया।

मोदी की आलोचना में जेबकतरा और भारतीय क्रिकेट के लिये पनौती जैसे शब्द प्रयोग तथा चुनिंदा उद्यमियों को लाखों करोड़ रुपये देने के गांधी के आरोपों के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दर्ज शिकायत पर गांधी को शनिवार शाम छह बजे तक देने के लिए कहा गया है। यह नोटिस कांग्रेस



नेता नयी दिल्ली स्थित घर के पते पर जारी किया गया है।

भाजपा ने राजस्थान के बाड़मेर जिले के बयातू में बुधवार 22 नवंबर की जनसभा में गांधी के कथित भाषण में मोदी की आलोचना में जेबकतरा और पनौती जैसे शब्दों के प्रयोग और 'हिंदुस्तान के 10-15 अरबपतियों का नौ साल में 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने' के आरोपों के आधार पर यह शिकायत की है।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि एक राष्ट्रीय दल के नेता के लिये प्रधानमंत्री के विरुद्ध जेबकतरा और पनौती जैसे शब्दों का प्रयोग करना शोभा नहीं देता। पार्टी ने यह भी शिकायत की है कि पिछले नौ साल में उद्योगपतियों के 14 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ करने का बयान भी तथ्यात्मक नहीं है। पार्टी ने इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (4) और भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 171जी, 504, 505 और 499 तथा आदर्श चुनाव-आचार संहिता के विरुद्ध बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आयोग ने आदर्श चुनाव आचार-संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करते हुये नोटिस में कहा है कि पार्टियों और उनके नेताओं पर अपुष्ट आधार पर आरोप लगाने से बचा जाना चाहिये।

पनौती शब्द को लेकर शिकायत पर आयोग ने गांधी को भेजे नोटिस में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 का उल्लेख किया है जो चुनाव में भ्रष्ट परिपाटी को परिभाषित करती है।

इसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति मतदाताओं को इस ऐसी बातों पर विश्वास करने के लिए प्रेरित करता है या प्रेरित करने का प्रयास करता है कि वह जिस व्यक्ति में रुचि ले रहा है वह 'दैविक कोप' या आध्यत्मिक दोष'का विषय सिद्ध होगा।

# समलैंगिक विवाह : सुप्रीम कोर्ट समीक्षा याचिका पर 28 नवंबर को करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले अपने 17 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका पर वह 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी के विशेष उल्लेख पर समीक्षा याचिका पर विचार करने के लिए तारीख मुकर्रर की। पीठ के समक्ष रोहतगी ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए कहा कि फैसला सुनाने वाले सभी न्यायाधीश (पांच सदस्यीय संविधान पीठ के) इस बात पर सहमत थे कि भेदभाव है और यदि भेदभाव है तो



उसका समाधान होना ही चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि बड़ी संख्या में लोगों का जीवन इस पर निर्भर है। इसलिए इस मामले में खुली अदालत में सुनवाई की इजाजत दी जाए। शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिकाओं पर न्यायाधीशों के कक्ष में विचार किया जाता है। याचिकाकर्ताओं में से एक उदित सूद ने समलैंगिक जोड़ों के विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ के 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग की है। उन्होंने फैसले को त्रुटीपूर्ण, स्व-विरोधाभासी और स्पष्ट रूप से अन्यायपूर्ण करार दिया है।

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में समलैंगिक जोड़ों की शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था, लेकिन इसने हिंसा और हस्तक्षेप के किसी भी खतरे के बिना सहवास के उनके अधिकार को बरकरार रखा। अदालत ने इस धारणा को भी खारिज करने की कोशिश की थी कि समलैंगिकता एक शहरी, कुलीन अवधारणा थी।

## शार्ट न्यूज

### निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिये दो करोड़ 83 लाख रुपये की राशि मंजूर

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने पंजाब भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड अधीन जिले में पंजीकृत 1146 निर्माण श्रमिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दो करोड़ 83 लाख 92 हजार रुपये की राशि मंजूर की है। उपायुक्त ने कहा कि श्रमिक बोर्ड अधीन मिस्त्री, ईंटों/सीमेंट पकड़ाने वाले मजदूर, प्लंबर, बढ़ई, वेल्डर, इलेक्ट्रिशयन अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सरकारी, अर्ध-सरकारी या निजी संस्थान के उत्पादन, भवन, सड़क, नहर, बिजली बांट, टेलीफोन, तार, रेडियो, रेलवे, हवाई अड्डे आदि में निर्माण, मुरम्मत, रख-रखाव या तोडने-हटाने के काम के लिए कौशल/काम करने वाले व्यक्ति अर्ध-कौशल कारीगर या सुपरवाइजर के तौर पर सैलरी या मेहनतनामा लेकर काम करने वाले व्यक्ति भी अपना पंजीकरण करवाने के पात्र हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के सभी योग्य श्रमिकों को पंजाब भवन एवं अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स कल्याण बोर्ड द्वारा चलायी जा रही विभिन्न भलायी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक किया जाये।

### ठंड, कोहरे के मद्देनजर यातायात थाना प्रभारी ने वाहनों पर परावर्तक लगाए

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला के यातायात थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मचंद ने ठंड और कोहरे के मद्देनजर वाहनों पर परावर्तक (रिफ्लेक्टर) लगाकर लोगों को यातायात नियमों बारे विस्तार से जानकारी दी। यातायात थाना प्रभारी ने वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाते हुए कहा की सर्दी का मौसम आने से ठंड और कोहरे ने दस्तक दे दी है, जिसके कारण सभी वाहन चालकों को अपने वाहन के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगाना चाहिए। ठंड के मौसम में रिफ्लेक्टर पर लाइट पडने से वाहन चालक को अच्छी तरह से पता लग सके की सामने से कोई वाहन आ रहा है, जिसके चलते वाहन चालक अच्छी तरह से सतर्क और सावधान हो जाए, ताकि किसी प्रकार की वाहन दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए । यातायात थाना प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों का सही प्रकार से पालना नही करने के कारण अधिकतर सड़क पर वाहनों की दुर्घटनाएं होती है,इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि,यातायात नियमों की पूर्ण जानकारी हासिल कर खुद भी यातायात नियमों की पालन करें और दूसरों को भी दूसरों को भी यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें,ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके ।

### भाजपा गुर्जर समाज को भड़काने अब राजेश पायलट को बीच में ले आई : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजेश पायलट को लेकर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमेशा लोगों को भड़काने एवं गुमराह करने का काम किया है और अब गुर्जर समाज को भड़काने के लिए राजेश पायलट को बीच में ले आई हैं। गहलोत ने गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज को भडकाया जा रहा है लेकिन यकीन है कि जनता समझदार है और वह सब समझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंदर क्या हुआ, उस पर भी बयान दिए जा रहे हैं। गुर्जर समाज को भड़काने के लिए स्वर्गीय राजेश पायलट को बीच में लेकर आ गए। चुनाव के समय जनता को भड़काया जा रहा है और भड़काने को तो कई कारणों से भड़का देंगे। लेकिन भाजपा के शासन के समय प्रदेश में गुर्जर आरक्षण के दौरान 72 गुर्जर मारे गए तभी आरक्षण नहीं मिला और कांग्रेस सरकार के समय भी गुर्जर आंदोलन हुआ लेकिन हमने लाठीचार्ज भी नहीं होने दिया और प्यार से समझाकर आरक्षण भी दे दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के समय 22 बार फायरिंग हुई और 72 गुर्जर मारे गए और 12 दिन तक शव पड़े रहे थे।

### शराब पीने से दो लोगों की आंख की रौशनी गई, मामले की जांच के लिए टीम गठित

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से दो लोगों के आंख की रौशनी जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मशरक स्वास्थ्य केंद्र में थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी सत्येन्द्र कुमार उर्फ प्याजू राय और ढोरा गिरी के परिजन देर रात तबीयत खराब होने पर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें गम्भीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। सदर अस्पताल छपरा में दोनों ही लोगों ने शराब पीने की बात कहते हुए आंख से दिखाई नहीं देने की शिकायत की। जिसके बाद प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत चिकित्सक ने बेहतर चिकित्सा के लिए पटना भेज दिया है। इस सम्बन्ध में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बताया कि मशरक थाना क्षेत्र में दो लोगों की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर उनके द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया है। साथ ही चिकित्सक से भी जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके बाद ही यह साबित हो सकता है कि क्या दोनों ने शराब का सेवन किया है या नहीं। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2022 के दिसम्बर माह में सारण जिले के मशरक, मढ़ौरा, अमनौर,मकेर थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से बहुत से लोगों की मौत हो गई थी।

### योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से फिर आ रही हेमन्त सरकार आपके द्वार

रांची। लोगों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारभ हुआ था। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 24 नवम्बर को साहेबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे राज्य के पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगा। इन शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा।राज्यभर के 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाए जायेंगे। मालूम हो कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली बार आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया था। पंचायत स्तर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोंपरांत उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने की उस पहल को अपार सफलता मिली थी। इसके बाद सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दो चरणों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान भी लाखों लोगों के आवेदन का शत प्रतिशत निष्पादन हुआ।

### नेता प्रतिपक्ष की भिंड कलेक्टर को मतगणना से अलग रखने की मांग

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड संजीव श्रीवास्तव की निष्पक्षता पर संदेह उठाते हुए उन्हें मतगणना की प्रक्रिया से अलग रखने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात करके कहा कि भिण्ड कलेक्टर शुरू से ही चुनाव को प्रभावित करने और भाजपा के एजेन्ट के रूप में काम कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि भिण्ड कलेक्टर पूरे जिले के निर्वाचन अधिकारी है, लेकिन मतदान के दिन वे केवल लहार (डॉ सिंह का निर्वाचन क्षेत्र) में घूमते रहे । उनके निर्देश पर बीएसएफ कर्मी मतदान करने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड की जांच कर रहे थे, जबकि यह काम पीठासीन अधिकारी का हैं। बीएसएफ द्वारा मतदाताओं से पूछताछ किये जाने से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया। डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि अनेक मतदाताओं के साथ मारपीट भी की गई, जिससे कोई मतदान नहीं कर सके। उन्होंने भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान कराए जाने का भी आरोप लगाया। डॉ. सिंह ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मांग की कि लहार क्षेत्र की मतगणना से कलेक्टर भिण्ड को अलग रखते हुए किसी अन्य अधिकारी को ये दायित्व सौंपा जाए।

# गाजियाबाद-नोएडा और हापुड़ में सीएनजी के दाम बढ़े

## प्रति किलो एक रुपए की बढ़ोतरी, एक सिलेंडर पर 8 से 10 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे

गाजियाबाद। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने दिल्ली-एनसीआर के शहरों में सीएनजी के दाम बढ़ा दिए हैं। प्रति किलोग्राम एक रुपए की वृद्धि की गई है। नई दरें गुरुवार सुबह से लागू हो गई हैं। एक कारवाले को अब पूरा सिलेंडर भरवाने पर तकरीबन 8 से 10 रुपए अधिक कीमत चुकाने पड़ेंगे।




नोएडा में अब आईजीएल के पंपों पर सीएनजी 80.20 रुपए की जगह 81.20 रुपए प्रति किलो मिलेगी। ग्रेटर नोएडा में 79.20 रुपए से बढ़कर 80.20 रुपए किलो रेट हो गया है। गाजियाबाद और हापुड़ में भी 79.20 की जगह 80.20 रुपए प्रति किलो सीएनजी मिलेगी। हरियाणा के रेवाड़ी में सीएनजी का रेट एक रुपया कम किया गया है। यहां अब 82.20 रुपए की जगह 81.20 रुपए किलो नया रेट होगा।

### जुलाई में घटाए, फिर अगस्त में बढ़ाए थे दाम

इंद्रप्रस्थ ने इसी साल सीएनजी के रेट दूसरी बार बढ़ाए हैं। हालांकि जुलाई महीने में इसके दाम घटाए भी गए थे। दरअसल, उस वक्त केंद्र सरकार ने सीएनजी की कीमत तय करने के मानकों में बड़ा बदलाव किया था। ऐसे में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद सहित कई शहरों में सीएनजी के रेट कम हुए थे।

इसके बाद 23 अगस्त 2023 को सीएनजी का रेट एक रुपया प्रति किलोग्राम बढ़ा दिया गया था। अब दूसरी बार रेट एक रुपया फिर बढ़ा है। ऐसे में वाहन चालकों को अब एक सिलेंडर रिफिल कराने पर तकरीबन 10 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। गाजियाबाद और नोएडा में चार लाख से ज्यादा वाहन सीएनजी से चलते हैं। जिन पर अब महंगाई की मार पड़ने वाली है।

## ऋण घोटाले में चार बैंककर्मी दोषी करार, दो को सजा

पटना। बिहार में पटना स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने फर्जी ऋण जारी कर बैंक को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाने के मामले में आज दो बैंक अधिकारियों को तीन-तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ प्रत्येक को एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। विशेष न्यायाधीश अविनाश कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद छपरा स्थित यूको बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक जोगेंद्र प्रसाद और इसी बैंक के अधिकारी शंभू शरण सिंह को भारतीय दंड विधान और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषियों को तीन-तीन महीने के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

## राजौरी मुठभेड़ से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति का दावा बेनकाब

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी मुठभेड़ में दो अधिकारियों सहित चार सैन्यकर्मियों के शहीद होने की घटना केन्द्रशासित प्रदेश में सामान्य स्थिति होने के केन्द्र के दावों को झुठलाती है।



मुफ्ती आज दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक सार्वजनिक रैली के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा, राजौरी में सैनिक शहीद हो गए। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रोज दावा करती है कि जम्मू-कश्मीर में हालात बिल्कुल सामान्य हैं और आतंकवाद खत्म हो गया है और दूसरी तरफ जवान शहीद हो रहे हैं। साथ ही, आतंकवाद के नाम पर कश्मीर के लोगों का जीवन दयनीय बना दिया गया है। मुझे समझ नहीं आता कि अगर वे कहते हैं कि स्थिति में सुधार हुआ है, तो हमारे जवान क्यों शहीद हो रहे हैं? पीडीपी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हर दिन गिरफ्तारियां हो रही हैं और जम्मू-कश्मीर में लोगों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा, इन चीजों पर कोई बात नहीं कर सकता।

पीडीपी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने नए कर्मचारियों की भर्ती करने की तुलना में अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करके एक तरह का घिनौना रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है जो खुद वकील हैं, न्यायाधीश हैं और खुद ही फैसले सुनाते हैं।

## पराली नहीं जलाने वाले किसानों को किया सम्मानित

एजेंसी

नवांशहर। पंजाब के नवांशहर में कुंबोटा ट्रैक्टर एजेंसी की ओर से जिला उपायुक्त नवजोत पाल सिंह रंधावा ने गुरुवार को पराली न जलाने वाले किसानों को विशेष तौर पर सम्मानित किया।

इस दौरान कंपनी के मालिक सुलखन सिंह ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि पराली को जलाने की बजाय पराली का आधुनिक तरीके से प्रबंधन करने वाले जिले के किसान तलविंदर सिंह उड़ापड़, गुरकीरत सिंह उड़ापड़, ओंकार सिंह मेहरूपुर, अमरजीत सिंह मालपुर, भूपिंदर सिंह उड़ापड़, नरिंदर सिंह प्रधान उड़ापड़, संदीप सिंह सरपंच भंगला, सुखजीत सिंह चाहलकलां, गुरदीप सिंह चाहलकलां को ट्रॉफी और सिरोपा देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।


इस दौरान उपायुक्त नवजोत पाल सिंह रंधावा ने किसानों को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने पराली न जलाकर न केवल पर्यावरण को नुकसान होने से बचाया है, बल्कि दूसरे किसानों के लिये प्रेरक भी बने हैं। उन्होंने कुंबोटा ट्रैक्टर एजेंसी की सराहना करते हुए कहा कि वे किसानों को जागरुक कर पराली न जलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। किसान तलविंदर सिंह उड़ापड़ ने बताया कि वह पिछले दो साल से पराली संभालने के लिये आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## नारकोटिक्स सेल और पुलिस ने पकड़ी गांजे की खेप

### एक कैन्टर से 2 क्विंटल गांजा बरामद ,दो तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा में नारकोटिक्स सेल और थाना बादलपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक कैंटर से 2 क्विंटल 48 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है।मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

नारकोटिक्स सैल गौतमबुद्धनगर व थाना बादलपुर पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना मिली एक कैंटर से भारी मात्रा में गांजा तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर संयुक्त कार्यवाही करते हुये दुजाना पुलिया के पास उन्होंने कैंटर को रोक लिया। इस दौरान जब कैंटर की तलाशी ली गई तो कैंटर में स्क्रैप केबल के नीचे भारी मात्रा में गांजा छुपा हुआ था। इस दौरान पुलिस ने दो कुंतल 48 किलोग्राम गांजा बरामद किया।इस गांजे की कीमत करीब 30 लाख लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से दो को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने उत्तराखंड निवासी रामवीर व अभिषेक को गिरफ्तार किया। मुरादाबाद का रहने वाला गजेंद्र अभी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। उसके द्वारा ही इस गांजे की तस्करी कराई जा रही थी। यह लोग उड़ीसा से गांजा लाकर एनसीआर में कहीं पर सप्लाई करने वाले थे लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने और नारकोटिक्स सेल ने इन लोगों को पकड़ लिया।



### गांजे की कीमत करीब 30 लख रुपए बताई जा रही

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कुमार ने बताया कि नारकोटिक्स सेल और बादलपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कैंटर से 2 कुंतल 48 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।एक आरोपी फरार चल रहा है।जिसकी तलाश की जा रही है। इस गांजे की कीमत करीब 30 लख रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम को 10000 का इनाम भी पुलिस कमिश्नर की तरफ से घोषित किया गया है।

## हिमाचल में कर्मचारियों के डीए पर फैसला जल्द: सुक्खू

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार कर्मचारियों की सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी तथा आने वाले दो-तीन माह में महंगाई भत्ते (डीए) की किस्त पर भी फैसला लिया जाएगा। इसके साथ ही सप्ताह में पांच कार्यदिवस करने की मांग पर विचार किया जाएगा।



सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी, महिला तथा किसान हितैषी सरकार है। प्रदेश में वर्तमान सरकार के गठन के बाद जनकल्याण के लिए अनेक निर्णय लिए गए। प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों के प्रति मानवीय एवं सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करना संवेदनशील सरकार का संवेदनशील फैसला है तथा यह निर्णय किसी राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखते हुए नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की राज्य के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। लम्बे समय तक सेवाएं देने के उपरांत यदि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के उपरांत निश्चित आय का साधन न हो तो वे सम्मान से जीवनयापन नहीं कर सकते हैं।

सुक्खू ने कहा कि पूर्व की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण हिमाचल प्रदेश पर आज 75 हजार करोड़ रुपये का ऋण है। राज्य सरकार ने इस मामले पर विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी जारी किया है तथा प्रत्येक हिमाचली पर 1.02 लाख रुपये का कर्ज है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार कड़े फैसले ले रही है, जिससे आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश समृद्ध बनेगा।

उन्होंने कहा कि इन कड़े फैसलों का विरोध भी हो रहा है, लेकिन ये फैसले उनके व्यक्तिगत हित के लिए नहीं है बल्कि राज्य के हित में हैं। उन्होंने कहा कि मुश्किल चुनौतियों का सामना किया जाएगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से पटरी पर लाएंगे।

## मुठभेड़ में मारे गये जवान के परिजनों को दिये जायेंगे दो करोड़ रु : मान

कपूरथला। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सुल्तानपुर लोधी में हुयी घटना दौरान मारे गये पंजाब पुलिस के होमगार्ड जसपाल सिंह के परिवार को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुल्तानपुर लोधी में हुई घटना के दौरान पंजाब पुलिस के होमगार्ड जसपाल सिंह की मौत हो गयी, इस दुखदायी समय में परिवार के साथ दिल से हमदर्दी, पुलिस जवान ने अपना फर्ज निभाया, सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के तौर पर एक करोड़ रुपये परिवार को दिये जायेंगे, बाकी एक करोड़ रुपये बीमा अधीन एचडीएफसी बैंक द्वारा दिये जायेंगे। भविष्य में परिवार की हर प्रकार से मदद के लिये सरकार वचनबद्ध है, जसपाल सिंह की बहादुरी को दिल से सलाम।



## तेलंगाना में भाजपा की जीत राज्य को बदल देगी : नड्डा

निज़ामाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुरुवार को घोषणा की कि अगर पार्टी 30 नवंबर को होने वाले आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करती है, तो राज्य महत्वपूर्ण परिवर्तन का साक्षी बनेगा।

नड्डा ने एक चुनावी अभियान रैली को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने कई राज्यों को परिवार शासन की पकड़ से मुक्त कराया है और इसी तरह, तेलंगाना में भी भाजपा के नेतृत्व में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस) पार्टी पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, केसीआर के 10 साल के शासन के दौरान, उनके परिवार का विकास हुआ और भाजपा का लक्ष्य तेलंगाना को इस प्रभाव से मुक्त करना है। नड्डा ने तेलंगाना आंदोलन के कार्यकर्ताओं को धोखा देने के लिए केसीआर की आलोचना की और आरोप लगाया कि बीआरएस नेताओं ने दलित बंधु योजना में 30 प्रतिशत कमीशन लिया और तेलंगाना में पासल बीमा योजना को लागू करने में विफल रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल के दौरान भारत के आर्थिक रूप से पांचवें स्थान पर पहुंचने और केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त चावल वितरण पर प्रकाश डाला।

## नहाने गए तीन बच्चों की पानी में डूबने से मौत

सागर। मध्यप्रदेश के सागर जिले के बीना में तीन बच्चो की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आगासौद थाना क्षेत्र के देहरी गांव में एक स्कूल के पीछे पानी से भरा गड्ढा में डूबने से तीन बच्चें दीपक आदिवासी, संजय आदिवासी और मावची आदिवासी की मौत हो गयी। इसमें दो सगे भाई और एक उनका दोस्त था। परिजनों ने बताया कि एकादशी होने के चलते तीनों बच्चे यहां नहाने आए थे। इस घटना की जानकारी तब सामने आया जब गांव की एक बुजुर्ग महिला गड्ढे में कपड़े धोने के लिए गई थी। बुजुर्ग महिला ने देखा कि बच्चों के कपड़े रखे हुए हैं और शव पानी में उतरा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## बच्चों की अश्लील सामग्री प्रसारित करने के आरोपी को तीन साल की कैद, जुर्माना

चंडीगढ़। पंजाब के एसएएस नगर के जिला एवं सत्र न्यायालय ने गुरुवार को फेसबुक मेसेंजर पर बाल अश्लील सामग्री प्रसारित करने के लिये लुधियाना के एक व्यक्ति को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी और 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

दोषी व्यक्ति लुधियाना जिले के गांव साहनेवाल निवासी अनुज कुमार है।

जानकारी के अनुसार, नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रेन (एनसीएमईसी) से नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर प्राप्त बाल अश्लील सामग्री के प्रसारण के संबंध में साइबर टिपलाइन के बाद, साइबर क्राइम की रोकथाम के लिये पंजाब राज्य साइबर अपराध प्रकोष्ठ की महिला और बच्चे (सीसीपीडब्ल्यूसी) इकाई ने मामले की जांच शुरू की थी, जिसमें पता चला कि संदिग्ध ने 27 नवंबर 2020 को फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से बाल अश्लीलता की वीडियो क्लिप प्रसारित की थी।



इसके बाद 18 सितंबर 2021 को बाल अश्लीलता सामग्री अपलोड/प्रसारित करने के लिये पुलिस स्टेशन राज्य साइबर अपराध, पंजाब में आईटी अधिनियम की धारा 67-बी के तहत मामला पंजीकृत किया गया था।

जांच के दौरान, विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से आईपी पते सहित तकनीकी विवरण मांगे गये, जिससे आरोपी की पहचान का पता लगाया जा सका।

## रेखा आर्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को दिखाई हरी झंडी

अल्मोड़ा/नैनीताल। केबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को अल्मोड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखायी।

आर्या ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत सभी राज्यों में केन्द्र सरकार की 17 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाना है। केन्द्र सरकार द्वारा जनपदों में गाड़ियां उपलब्ध कराई गई हैं। इन गाड़ियों के माध्यम से सभी गांव तक पहुंचकर लोगों को केंद्र सरकार की प्रमुख 17 योजनाओं से संतृप्त करना है। उन्होंने अधिकारियों कहा कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर समितयों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कराया जायेगा एवं योजनाओं की जानकारियां उपलब्ध करायी जायेगी।



केबिनेट मंत्री आर्या ने कहा कि केन्द्र सरकार से 29 वाहन यात्रा हेतु अल्मोड़ा जिले को मिले हैं। इन सभी वाहनों के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। आगामी 20 दिनों में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों को यात्रा से आच्छादित कर जनता को योजनाओं से लाभान्वित करेंगे।

यात्रा हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं, जो सुनिश्चित करेंगे कि यात्रा वाहन हर ग्राम पंचायत में पहुंचे। इसकी जानकारी सभी ग्रामीणों को पूर्व से उपलब्ध कराई जाएगी तथा यह सुनिश्चित हो कि केंद्र सरकार की उक्त योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस अभियान को एक अवसर के रूप में लें, जिससे सभी लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा सके।

## गहलोत ने महादेव एप एवं लाल डायरी मामले में जांच की मांग

जयपुर । राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मांग करते हुए कहा है कि महादेव ऐप और लाल डायरी मामले में उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच होनी चाहिए।

गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान यह मांग की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए यह साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ये लोग साजिशें करते हैं, हाल में छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप का मामला सामने आया था और इन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चार दिन पहले ही गिरफ्तार करने की साजिश रची थी लेकिन पर्दाफाश हो गया। उन्होंने कहा कि कहा जाने लगा कि छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री को 508 करोड़ रुपए दे दिए और बड़ा घोटाला हो गया। पूरा षड़यंत्र रचा गया लेकिन वह एक्सपोज हो गया और राजस्थान में भी एक्सपोज हो गए। उन्होंने कहा मुझे दुख हो रहा है कि ये लोग योजना बनाकर चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री से महादेव ऐप और लाल डायरी की बात करा रहे हैं, जिसके बारे में कोई उचित जांच नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### सरकारी स्कूलों में अचानक पहुंचे डीएम, खुद खाकर चेक किया मिड-डे-मील

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने 5 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील की गुणवत्ता को भी चेक किया गया। विद्यालयों में साफ सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। स्कूल ना आने वाले बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करने के भी निर्देश दिये गए। जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन के अधिकारीगण निरंतर भ्रमणशील रहकर औचक रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय नयागांव, प्राथमिक विद्यालय सुत्याना, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगला चरण दास, कंपोजिट विद्यालय ककराला , कंपोजिट विद्यालय कुलेसरा का औचक निरीक्षण किया गया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील भोजन को खाकर भोजन की गुणवत्ता परखी जोकि मानकों के अनुरूप पाई गई। जिला अधिकारी ने विद्यालय प्रधानाचार्य/अध्यापकों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाए साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच करते हुए अध्यापक गणों को निर्देश दिये कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस रखा जाए और जो बच्चा नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहा है, अध्यापक गण स्कूल के उपरांत ऐसे बच्चों के घर जाकर फीडबैक लें।

### घर में घुसकर युवक का बल्ले से फोड़ा सिर

जेवर। दनकौर में क्रिकेट खेलते वक्त गेंद आने का विरोध करने पर एक युवक को दो लोगों ने बल्ले से हमला कर घायल कर दिया। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने दो लोगों के नामजद करते हुए कोतवाली में मामले की शिकायत की है। नौशाद नाम के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बुधवार की शाम उनके ही पड़ोस के कुछ युवक उनके घर के सामने क्रिकेट खेल रहे थे। जिनकी गेंद बार-बार उनके घर पर आ जाती थी। जिससे उनका नुकसान हो रहा था। जिसको लेकर नौशाद के बेटे फरदीन ने क्रिकेट खेल रहे अपने पड़ोसियों को घर के सामने क्रिकेट खेलने के लिए मना कर दिया। इसी बात से गुस्साए दो आरोपियों ने पीड़ित के घर पहुंचकर उसके बेटे फरदीन से गाली गलौज की। उस दौरान तो आसपास के लोगों ने समझा बुझाकर सभी को शांत कर दिया। आरोप है कि उसके बाद देर रात को घर में घुसकर आरोपियों ने अपने अन्य और साथी को साथ मिलकर फरदीन के सिर पर बल्ले से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में फरदीन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। साथ ही परिवार के अन्य लोगों के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से पीड़ित और उसके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी दबंग है। जो आए दिन वहां क्रिकेट खेलते हैं।

### कुख्यात गैंगस्टर महबूब अली का मकान ध्वस्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद में योगी सरकार का बुलडोजर एक बार फिर गैंगस्टर के मकान पर चला। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में कुख्यात गैंगस्टर महबूब अली के दो मंजिला मकान को बुलडोजर ने जमींदोज कर दिया। कुख्यात गैंगस्टर माफिया महबूब अली पर आरोप है कि उसने भोले भाले लोगों को डरा धमका के और ठग के अपना साम्राज्य बनाया था। गाजियाबाद के डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया की महबूब अली पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई पहले से की जा चुकी है। गाजियाबाद दिल्ली समेत जहां-जहां उसकी प्रॉपर्टी के बारे में पता चला है, उस सब को कुर्क और जब्त किया जा रहा है। करीब 170 करोड़ की संपत्ति अब तक जब्त की जा चुकी है। महबूब अली पर आरोप है कि आस-पास के लोगों को ठगकर डरा धमका कर और रंगदारी से उसने ये संपत्ति जुटाई थी। थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में ही 18 तारीख को भी उसका एक मार्केट कंपलेक्स जिसमें 26 दुकान थी वह गिराई गई थी। जिसकी कीमत करीब 15 करोड़ थी। जिस दो मंजिला मकान को ध्वस्त किया गया है उसकी कीमत भी 6 करोड़ है। जिस समय ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई, उस समय भारी संख्या में पुलिस फोर्स और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पिता का दोस्त बनकर जालसाजों ने युवती से की ठगी

गुरुग्राम। साइबर ठगों ने एक युवती से उसके पिता का दोस्त बनकर करीब 85 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने यकीन दिलाने के लिए युवती को ट्रांजक्शन के स्क्रीनशॉट भी भेजे थे। शिकायत पर साइबर अपराध दक्षिण ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर 67ए स्थित पिरामिड अर्बन होम निवासी चेतना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 अक्तूबर को एक युवक ने उसे फोन किया। आरोपी ने खुद को उसके पिता का दोस्त बताया। उसने बताया था कि पिता को उसने कुछ रुपए देने थे जोकि उसके पिता कि कहे अनुसार यूपीआई के जरिए ट्रांसफर कर दिए हैं, लेकिन गलती से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन से करीब 85 हजार रुपए अतिरिक्त ट्रांसफर हो गए हैं। आरोपी ने यकीन दिलाने के लिए युवती को ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट भी भेजे। उसकी बातों में आकर चेतना ने उसे यह रुपये वापस ट्रांसफर कर दिए, लेकिन बाद में जब उसने अपने बैंक खाते को जांचा और अपने पिता से बात की तो उसे अपने साथ हुए फर्जीवाड़े के बारे में पता लगा। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया है।

### मोनू मानेसर के खिलाफ कोर्ट में गवाही देंगे 28 गवाह

पटौदी। एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पटौदी थाना पुलिस ने भोंडसी जेल में बंद आरोपी मोहित उर्फ मोनू मानेसर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। पुलिस ने अपनी इस चार्जशीट में वादी समेत कुल 28 लोगों को गवाह बनाया है। इसमें थाने के तत्कालीन प्रभारी के साथ ही मधुबन करनाल स्थित एफएसएल के निदेशक भी शामिल हैं। चार्जशीट पेश किए जाने के बाद मोनू मानेसर के इस मामले की सुनवाई अब जिला एवं सत्र न्यायालय में होगी। कोर्ट ने इसके लिए 30 नवंबर की तारीख तय की है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई सब डिवीजन ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट तरन्नुम खान की कोर्ट में हुई। इसी बीच पटौदी पुलिस भी वहां चार्जशीट के साथ पहुंच गई। इससे पहले सुरक्षा कारणों के चलते मोनू की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई गई। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में मोनू मानेसर को आईपीसी की धारा-307 के साथ ही 25 आर्म्स एक्ट और आईपीसी-147/148/149 व 120बी का आरोपी बनाया है। मोनू मानेसर के वकील सतीश कुमार भारद्वाज ने बताया कि न्यायालय में पुलिस द्वारा चार्जशीट पेश किए जाने के बाद सेशन ट्रॉयल के लिए जिरह हुई। इसके बाद अब मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय में ही होगी।

### फर्नीचर के गोदाम में लगी भीषण आग

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में बुधवार को एक फर्नीचर के गोदाम में भीषण आग लग गई। सेक्टर-37 दमकल केंद्र से आठ गाडियां आग बुझाने के लिए पहुंची। लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हादसे का कारण अभी शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। खेड़की दौला स्थित एक गोदाम में फर्नीचर का सामान बनता था। बुधवार तकरीबन साढ़े 11 बजे आग लग गई। जिस वक्त ये आग लगी उस समय करीब आधा दर्जन वर्कर मौजूद थे। लकड़ी का सामान होने के कारण गोदाम में आग तेजी से फैल गई। फर्नीचर जलने के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग और धुएं से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गोदाम के कर्मचारियों ने शुरुआत में आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-37 दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची। आग ज्यादा होने के कारण मौके पर दमकल विभाग की और गाड़ियां बुलाई गई। दमकल विभाग की 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

# दिल्ली भाजपा ने पूर्व अध्यक्ष देहदानी श्री मांगे राम गर्ग को जन्मजयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष, प्रखर समाज सेवी एवं देहदानी स्वर्गीय मांगे राम गर्ग की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में आज मांगे राम गर्ग चेरिटेबल सोसायटी द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में वरिष्ठ धर्मगुरूओं एवं भाजपा नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. सुकृति माथुर द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये और एनजीओ सक्षम के सहयोग से दिव्यांगों हेतु सहायता उपकरण वितरित किये गये।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी, विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष श्वीरेन्द्र सचदेवा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हर्ष वर्धन, विजय गोयल, आदेश गुप्ता, सक्षम के महामंत्री कमल कांत पांडेय, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा ने मंच से देहदानी स्वर्गीय मांगे राम गर्ग को प्रेरणा पुंज बताते हुये पुष्पांजलि अर्पित की। मंच व्यवस्था प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत संभाली।

स्वर्गीय मांगे राम गर्ग जी के पुत्र एवं दिल्ली भाजपा के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने अपने परिजनों के साथ भजन संध्या में आये अतिथियों का अभिवादन किया जिनमें प्रमुख थे प्रदेश पदाधिकारी हर्ष मल्होत्रा, योगेन्द्र चांदोलिया, श्रीमती कमलजीत सहरावत, दिनेश प्रताप सिंह, लता गुप्ता, बांसुरी स्वराज, प्रवीण शंकर कपूर, श्रीमती सोना कुमारी, अमित गुप्ता, वीरेन्द्र बब्बर, अजय सहरावत, सरदार ज्योतजीत सबरवाल, रोहित उपाध्याय, जिला अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गोयल, सरदार कुलदीप सिंह, सुनील कक्कड़, सत्यनारायण गौतम, संजय गोयल, रणवीर तंवर, राम सिया शरण, राजकुमार चोटेला सहित जिला एवं मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली की अनेक वैश्य समाज से जुड़ी संस्थाओं के अलावा धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने स्वर्गीयी मागे राम गर्ग को याद करते हुये कहा कि आज उनके आगे की पूरी पीढ़ी समाज में अपना योगदान दे रही है और आज उनके बताए रास्तों पर चलकर समाज सेवा में लगी हुई है। श्री मांगे राम गर्ग एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने अपने जीवन में बहुत मेहनत की और उनकी सबसे बड़ी पूंजी उनका सरल स्वभाव था जिसके चलते वह भाजपा ही नहीं सम्पूर्ण समाज के प्रिय थे।

सचदेवा ने कहा कि लोगों से सहजता से मिलता और सरलता से बोलना और समाज के लिए काम करना स्वर्गीय श्री मांगे राम गर्ग जी का स्वभाव था और भाजपा की दो पीढ़ियों के लिये उन्होंने बहुत से आदर्श रखे जिसके चलते भाजपा में कर्मठ कार्यकर्ताओं का विकास हुआ।

# इंस्पेक्टर बन ठगी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका इलाके में सायबर ठगों ने दिल्ली पुलिस के एसआई से 90 हजार रुपए ठग लिए हैं। आरोपियों ने पुलिसकर्मी को उसके एक रिश्तेदार के बीमार होने की बात कहीं और फिर पैसे लेकर पीड़िता का नम्बर ब्लॉक कर दिया। पीड़ित पुलिसकर्मी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि एक अन्य मामले में सायबर ठगों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग से 30 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ित से सेक्सटॉर्शन के नाम पर ठगी की गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहला मामला बाबा हरिदास नगर इलाके का है। यहां ठगों ने दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर (एसआई) को अपना शिकार बनाया। ठगों ने उनसे 90 हजार रुपये की ठगी की। पीड़ित एसआई का कहना है कि उसको एक अंजान नंबर से कॉल आया।

कॉल करने वाले ने बताया कि उनका एक रिश्तेदार बहुत बीमार है और अस्पताल में भर्ती है। उन्हें 90 हजार की जरूरत है। उन्होंने बिना कंफर्म किए उसे 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

ठगी का पता चलने पर उन्होंने शिकायत पुलिस को दी। जबकि दूसरे मामले में पीड़ित बुजुर्ग का कहना है कि एक दिन अचानक उन्हे वीडियो कॉल आया। कॉल उठाने पर लड़की अश्लील हरकत करने लगी। वह कुछ नहीं समझ पाए और उन्होंने कॉल काट दी।

इसके ठीक कुछ देर बाद उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और कहा कि उसके खिलाफ लड़की ने शिकायत की है। लड़की ने पैसे की मांग की है पैसे की मांग पूरी कर दो नहीं तो वह उसका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर देगी। इससे बुजुर्ग डर गए और उन्होंने धीरे-धीरे कर ठगों के अकाउंट में 32 लाख रुपये जमा करा दिए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# मुठभेड़ के दौरान पचीस हजार का इनामी बदमाश घायल, पुलिस ने दबोचा

गाजियाबाद। (पी एम ए) थाना लोनी पुलिस ने गुरुवार को एक मुठभेड़ के दौरान पचीस हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। वह गैंगस्टर एक्ट के वांछित चल रहा था। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, अवैध शस्त्र बरामद हुआ है।

एसीपी लोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर लोनी पुलिस निठोरा अंडरपास के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक संदिग्धावस्था में आता हुआ दिखाई दिया।

जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह रुका नहीं और उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें गोली लगने से वह नीचे गिर गया और एक गोली उसके पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

पुलिस की पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सरताज बताया। जो रोड प्रेम नगर का निवासी है। गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस के उच्चाधिकारियों ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा उसके आपराधिक इतिहास को खंगाल जा रहा है।

# फर्जी कॉल सेंटर पर सीबीआई की छापेमारी, 2 करोड़ जब्त

## अमेरिकी नागरिकों से करते थे ठगी; साइबर क्राइम मॉड्यूल का भंडाफोड़

**दिल्ली/ अहमदाबाद।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर और गुजरात फर्जी कॉल सेंटरों पर छापेमारी की। राज्यों के 24 ठिकानों पर तालाशी करके एक साइबर क्राइम मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया।

छापे के दौरान सीबीआई ने 2 करोड़ 20 लाख कैश बरामद किया।

सीबीआई के अधिकारी ने बताया कि दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा और गुजरात में जांच के दौरान इस साइबर क्राइम मॉड्यूल से जुड़े डिजिटल एविडेंस, क्रिप्टोकरेंसी, प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेजों के साथ कैश मिला है।



ये मामला विदेशी नागरिकों से ठगी करने से जुड़ा हुआ है।

इस क्राइम मॉड्यूल के तहत ई-संपर्क सॉफ्टटेक कंपनी खुद को अमेरिकी सरकारी एजेंसी बताती थी और अमेरिकी लोगों से ठगी करती थी। इस मामले में सीबीआई ने कंपनी के निदेशक गौरव गुप्ता और सुशील सचदेवा के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है।

### आरोपियों ने अमेरिकी सरकारी एजेंसी के नाम पर ठगी की

अधिकारी ने बताया कि 7 जुलाई 2022 को ठगी का एक मामला दर्ज किया गया था।

इसमें भारत में कई कॉल सेंटरों ने अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर लाखों की धोखाधड़ी की। इसके लिए आरोपियों ने गुजरात की VOIP कंपनी की मदद से अमेरिकन लोगों को रोबो और ऑडियो कॉल कर पैसे मांगे।

आरोपियों ने ऐसा करने के लिए यूएस ग्रांट डिपार्टमेंट, इंटरनल रेवेन्यू सर्विस , सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन , कम्युनिटी रिइन्वेस्टमेंट एक्ट , एयर ट्रैफिक ऑर्गनाइजेशन जैसी अमेरिकी सरकारी एजेंसियों के नाम का उपयोग किया।

### टैक्स और जुर्माने की मांग कर पैसे देने के लिए मजबूर किया

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, अमेरिकी लोगों को एक बार अपने चंगुल में लेने के बाद आरोपी उन्हें बैंक अकाउंट डिटेल और क्रेडेंशियल्स के बारे में बता कर पैसे, जुर्माना या टैक्स जैसी मांग करते थे। इसके जरिए वे लोगों को पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर करते थे।

# इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से लैस होगा गाजियाबाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नोएडा के तर्ज पर गाजियाबाद में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू करने जा रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में इस प्रक्रिया को पूर्णतः लागू करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी और अब इसको क्रियान्वित करते हुए गाजियाबाद के ट्रैफिक निगरानी व संचालन प्रक्रिया को स्मार्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इस क्रम में, गाजियाबाद नगर निगम ने कार्रवाई शुरू करते हुए शहर के वर्तमान सीसीटीवी कैमरों के उच्चीकरण व नए सीसीटीवी कैमरों के इंस्टॉलेशन के जरिए इंटिग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों का जाल विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि इंस्टॉलेशन व अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने से शहर के वीडियो मैनेजमेंट सिस्टम (वीएमएस) तंत्र को मजबूती मिलेगी, जिससे यातायात नियंत्रण के साथ ही अपराध समेत आपात स्थितियों के नियंत्रण में भी सर्विलांस के जरिए मदद मिलेगी।

इन सभी कार्यों के संचालन व समन्व्य के लिए मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

उन्होने बताया कि गाजियाबाद में आईटीएमएस लागू करने की सीएम योगी की मंशा अनुरूप कार्य करते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने आरपीएफ माध्यम से मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं।

ई-निविदा के जरिए कार्यावंटन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा तथा जिस एजेंसी को मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर का दायित्व सौंपा जाएगा, उसे शहर में 500 से ज्यादा इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज एसेसमेंट व स्टोरेज कैपेसिटी वाला वीएमएस विकसित करना होगा। कंट्रोल रूम संचालन, फीड स्टोरेज प्रक्रिया समेत सीसीटीवी के उच्चीकरण जैसी प्रक्रियाओं को मास्टर सिस्टम इंटिग्रेटर द्वारा पूर्ण किया जाएगा।

इसके अलावा, रिमोट एसेसमेंट, कंट्रोल रूम एक्सेस, क्लाउड व स्टोरेज कैपेसिटी मैनेजमेंट समेत तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण करना होगा। इंटिग्रेटर का निर्धारण भी कई मानकों के आधार पर होगा तथा उन्हें इवैल्युएशन प्रक्रिया से गुजरते हुए वर्किंग प्रोटोटाइप समेत कई लक्ष्यों को पूर्ण करने के बाद ही कार्य आवंटित होगा।

### हलाल प्रमाणित उत्पाद को लेकर छापेमारी

नोएडा। जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 20 से अधिक दुकानों पर छापेमारी की। इस बीच टीम ने छ्रस्न मॉल में हलाल प्रमाणित चिप्स, टॉफी और मैजिक स्टिक के नमूने लिए। इसके अलावा चिप्स के 5 पैकेट को सीज किया। साथ ही जांच के लिए 3 नमूने लिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया, हलाल प्रमाणित उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के साथ ही इनकी रोकथाम को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दुकानदारों को हलाल प्रमाणित उत्पाद न बेचने की नसीहत दी गई है। शहर से लेकर गांव देहात तक 6 टीमें लगाकर छापेमारी कराई जा रही है। अधिकारियों का विशेष फोकस मॉल और सोसाइटी की मार्केट में ग्रॉसरी की दुकान पर है। इसके अलावा शहर की बड़ी मार्केट जैसे सेक्टर-18 अट्टा मार्केट, सेक्टर-27 इंद्रा मार्केट, सेक्टर-104 हाजीपुर मार्केट, ग्रेटर नोएडा स्थित जगत फॉर्म, दादरी बाजार, नया बांस और हरौला मार्केट, ब्रह्मपुत्रा मार्केट समेत अन्य जगहों पर भी छापेमारी जारी है। टीम मॉल और कॉम्प्लेक्स में खुले रेस्टोरेंट में भी पहुंच रही है, जहां बड़ी मात्रा में नॉनवेज तैयार किया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक रेस्टोरेंट में पैकेट बंद मीट की डिमांड ज्यादा रहती है। साथ ही, यहां मीट को स्टोर करके भी रखा जाता है।

# आबकारी और पुलिस ने 54 बोतलों के साथ चार को किया गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। आबकारी और नोएडा के थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने संयुक्त रूप से बिना लाइसेंस आयोजित की गई शराब पार्टी को पकड़ा। ये पार्टी नोएडा के सेक्टर-135 यमुना पुश्ते के पास कांतम फार्म हाउस में हो रही थी। पुलिस ने देर रात यहां छापेमारी मारी की और बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इसके साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि सेक्टर-135 के यमुना पुश्ते के पास कांतम फार्म हाउस है।

यहां बिना लाइसेंस के अवैध रूप से हरियाणा की शराब का सेवन कराया जा रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ यहां छापा मारा गया। इस दौरान मौके से शराब पिलाते हुए इवेंट मैनेजर राहुल कसाना पुत्र विजय कसाना निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी भोपुरा गाजियाबाद, सूरज सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी राजेंद्र नगर साहिबाबाद गाजियाबाद, बार काउंटर पर शराब सर्व करने वाले बकुल अग्रवाल पुत्र राजीव निवासी रामनगर शाहदरा दिल्ली व राहुल कुमार पुत्र कृष्ण पाल निवासी सागरपुर , दिल्ली को गिरफ्तार किया गया ।

इनके पास से मौके पर बकार्डी रम ब्रांड धारिता 750 एमएल की 10 बोतल , जिम बिम स्कॉच 750 एमएल की 11 बोतल , टीचर्स हाइलैंड 750 एमएल की 10 बोतल , ब्लेंडर्स प्राइड 750 एमएल की 12 बोतल , ओल्ड मोंक रम 750 एमएल की 11 बोतल , लोन वुल्फ बियर 650 एमएल की 11 बोतल , बकार्डी बियर 275 एमएल की 7 बोतल बरामद की गई। ये सभी हरियाणा मार्का शराब थी।

# मुख्य सड़क पर भरा पानी, वाहनों का निकलना हुआ दुश्वार

**मानेसर।** बिना बरसात के मुख्य सड़क पर चार फीट तक भरा पानी वाहन चालकों के लिए परेशानी बन गया है। मंगलवार रात के समय वाटिका के पास सेक्टर 82 गोशाला के पास मुख्य सड़क पर एक बूंद पानी नहीं था, लेकिन बुधवार की सुबह जब लोग अपने दफ्तरों के लिए निकले तो यहां पर तीन से चार फीट तक पानी भरा हुआ मिला। सीवरेज की पाइप लाइन टूटने से यह हालात पैदा हुए थे। तालाब की तरह भरे सड़क मार्ग से वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। छोटे वाहन तो पानी के ऊपर तक आने से बीच में ही रुक गए। जिससे वाहन चालक परेशान तो रहे ही साथ में अपने कार्यालय देर से पहुंचे। दुपहिया वाहन चालकों को तो कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करना पड़ा।

# नोएडा प्राधिकरण का घूसखोर लेखपाल निलंबित

## उप्र राजकीय सेवा आचरण नियमावली 1956 का किया उल्लंघन, वीडियो हुआ था वायरल

**नोएडा।** वायरल वीडियो में घूस लेते दिख रहे नोएडा प्राधिकरण के लेखपाल मनोज सिंघल को प्राथमिक जांच के बाद सीईओ लोकेश एम ने दोषी पाया। मनोज सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीईओ ने माना कि इस कृत्य से प्राधिकरण की छवि लोगों में धूमिल हुई है।

मनोज सिंघल का आचरण उप्र राजकीय सेवा आचरण नियमावली 1956 के अंतर्गत विहित प्राविधान और नोएडा सेवा नियमावली 1981 के प्राविधान के विरुद्ध है।

### तीन सदस्य समिति ने की जांच

दरअसल, मनोज सिंघल के कुछ वीडियो घूस लेने के दौरान वायरल हुए थे। ये वीडियो काफी पुराने बताए गए थे।

वीडियो वायरल होने के बाद लगातार



सामाजिक और किसान संगठनों की ओर से जांच की मांग की जा रही थी। इसके बाद प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने इस मामले में तीन अधिकारियों की एक जांच समिति बनाई।

इस जांच समिति में ओएसडी अशोक कुमार शर्मा, महाप्रबंधक श्रीपाल भाटी और सहायक महाप्रबंधक शोभा कुशवाहा थी।

इन तीनों ने वीडियो को देखा और प्राधिकरण आधार पर पाया कि मनोज सिंघल ने घूस ली और वह दोषी है। ये रिपोर्ट तीनों अधिकारियों ने बंद लिफाफे में सीईओ को दी। सीईओ ने इस प्रकरण में मनोज सिंघल को निलंबित किया।

साथ ही चेतावनी दी कि प्राधिकरण में जीरो टॉलरेंस की निती के तहत कोई भी अधिकारी या कर्मी इस तरह का कृत्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन मंच के पदाधिकारी प्राधिकरण के गेट पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। दो दिनों तक अधिकारी नहीं मिलने पर वो किसी को ज्ञापन नहीं सौंप सके। गुरुवार को मामले में किसानों से सीईओ के समक्ष लेखपाल के खिलाफ अपना पक्षा रखा। जिसमें बताया कि किस तरह से मनोज सिंघल किसान विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। ऐसे में प्राधिकरण सीईओ ने सख्त एक्शन लिया।

# गाजियाबाद में करोड़ों रुपए ठगने वाले तीन गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने करोड़ों रुपए ठगने वाले एक गैंग का गुरुवार को पर्दाफाश किया है। तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनसे तीन गाड़ियां, दो लाख रुपए और बड़ी संख्या में डेबिट-क्रेडिट कार्ड रिकवर हुए हैं। ये गैंग दो तरह से ठगता था। कुछ लोगों को सस्ती बीमा पॉलिसी करने के नाम पर झांसे में लेता था। जबकि कुछ लोगों को कहा जाता था



कि आपका कोरियर पैकेट आया है और इस पर स्टांप नहीं लगा है। अगर स्टांप शुल्क नहीं दोगे तो पैकेट वापस चला जाएगा। इस तरह ये गैंग अब तक कई करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है।

अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) सच्चिदानंद ने बताया कि पकड़े गए आरोपी गौरव दुआ निवासी धामपुर बिजनौर, विजय कश्यप निवासी पटियाली एटा और दिनेश कुमार निवासी काहिरा बुलंदशहर हैं। थाना इंदिरापुरम में जुलाई महीने में 1.65 करोड़ रुपए के फ्रॉड का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। इस केस की जांच साइबर क्राइम सेल को सौंपी गई। लंबी जांच-पड़ताल के बाद पुलिस इस गैंग तक पहुंच पाई और गुरुवार को तीनों आरोपियों को वसुंधरा सेक्टर-एक स्थित एलिवेटेड पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है।

### मोदीनगर में बदमाशों ने दो घरों में की चोरी

मोदीनगर। गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव डिड़ौली में देर रात बदमाशों ने दो घरों पर धावा बोलकर सात लाख से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात के समय परिवार सोते रहे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों को पकड़ने की बात कह रही है। गांव डिड़ौली निवासी गौतम कुमार परिवार सहित रहते हैं। देर रात को वह परिवार सहित कमरे में सो गए। देर रात दीवार फांदकर उनके घर में बदमाश आ गए। बदमाशों ने कमरे का ताला तोड़कर सेफ व संदूक से साढ़े तीन लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके बाद बदमाश पड़ोस में रहने वाले आदिप के घर पर पहुंचे और वहां पर कमरे में रखे सेफ का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए। देर रात अचानक आंख खुलने पर चोरी की वारदात का पता चला। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# संपादकीय



## पढ़ाई करने के लिए घर से निकले बच्चे आखिर क्यों मौत को चुन लेते हैं ?

कोटा कोचिंग संस्थानों की हकीकत किसी से छिपी नहीं है और आए दिन वहां से बच्चों की आत्महत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि माता-पिता यह चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ाई-लिखाई पूरी कर जिंदगी में ऊंचा मुकाम हासिल करे, लेकिन इसके लिए जो दबाव की स्थितियां पैदा की जाती हैं, उसमें कई बच्चों की जिंदगी तक छिन जाती है। पिछले कुछ सालों से यह हकीकत लगातार सामने आ रही है कि इंजीनियरिंग या चिकित्सा की पढ़ाई करने के लिए बच्चों का दाखिला राजस्थान के कोटा जैसे कुछ खास शहरों में कराया जाता है, मगर वहां उपजे दबाव को नहीं सह पाने की वजह से कई बच्चे आत्महत्या तक कर ले रहे हैं।

ऐसी घटनाओं में इजाफे ने हर तरफ चिंता पैदा की है, मगर आज भी बहुत सारे अभिभावक यह समझ पाने में नाकाम हैं कि अपना सपना पूरा करने निकले बच्चे आखिर क्यों मौत को चुन लेते हैं। इस मसले पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है कि वक्त के साथ ज्यादा सख्त होते प्रतिस्पर्धा के मानदंड के समांतर अभिभावकों की ओर से पैदा किए गए अत्यधिक दबाव को कई बच्चे नहीं झेल पाते हैं और आत्महत्या का रास्ता अख्तियार कर लेते हैं।

अदालत की टिप्पणी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आई, जिसमें तेजी से बढ़ते कोचिंग संस्थानों के विनियमन का अनुरोध किया गया है और विद्यार्थियों की आत्महत्या के आंकड़ों का हवाला दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मेडिकल या इंजीनियरिंग की शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए जो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, उसकी जटिलता के मद्देनजर बच्चों को सामान्य से ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत पड़ती है।

इसके लिए उनके अभिभावक वैसे कोचिंग संस्थानों में बच्चों का दाखिला कराते हैं, जिनके बारे में आम धारणा होती है कि वहां से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी आसानी से परीक्षा पास कर जाते हैं। मगर इसके बरक्स हाल के वर्षों में यह हकीकत भी सामने आई है कि इस क्षेत्र में बढ़ती भीड़ की वजह से कड़ी प्रतिस्पर्धा खड़ी हुई है, पैमाने ज्यादा सख्त हुए हैं। कोचिंग संस्थान अपनी छवि चमकाने की मंशा से विद्यार्थियों पर परीक्षा में खुद को सबसे बेहतर साबित करने के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव डालते हैं। इसी दबाव से उपजे तनाव को कई बार कुछ बच्चे नहीं झेल पाते हैं और जिंदगी से हार जाते हैं।

हालांकि कोचिंग संस्थानों की हकीकत किसी से छिपी नहीं है और आए दिन वहां से बच्चों की आत्महत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद ऐसे तमाम अभिभावक हैं, जो अपने बच्चों को चिकित्सक या इंजीनियर बनाने के लिए वहां पढ़ाई करने भेजते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि जिन बच्चों की रुचि किसी अन्य विषय में पढ़ाई करने की होती है, उन्हें भी उनके अभिभावक मेडिकल या इंजीनियरिंग की तैयारी करने भेज देते हैं।

इस होड़ में शामिल अभिभावकों की ओर से उपजे दबाव और तनाव का सामना बच्चों को करना पड़ता है। कोचिंग संस्थानों की अव्यवस्था से लेकर उनके पढ़ाई के स्वरूप निश्चित रूप से कठघरे में हैं और उन्हें जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता। मगर अपनी महत्त्वाकांक्षा का बोझ बच्चों से पूरा कराने की होड़ में शामिल अभिभावकों को क्या यह सोचने की जरूरत नहीं है कि इस होड़ का हासिल क्या है ?

किसी भी समस्या का हल निकालना तभी संभव हो पाता है, जब उसके मुख्य कारणों की पहचान कर ली जाती है। कोटा या कहीं भी पढ़ाई के क्रम में उपजे तनाव का बोझ अगर बच्चों की जिंदगी पर ही भारी पड़ रहा है तो अभिभावकों को यह सोचने की जरूरत है कि आखिर उनका चुनाव क्या है- बच्चों की जिंदगी या फिर ऐसी पढ़ाई, जो उन्हें जानलेवा तनाव के संजाल में झोंक दे!

## युद्ध के बजाय शांति और संवाद ही किसी समस्या के समाधान का रास्ता

ब्रिक्स की बैठक में भारत की यह मांग काफी अहम है कि आतंकवाद से कोई समझौता नहीं होना चाहिए, लेकिन फिलिस्तीन की चिंता का स्थायी समाधान हो।

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में प्राथमिक जरूरत इस बात की है कि किसी भी आधार पर सबसे पहले हमले रोके जाएं, क्योंकि इससे अब वहां मानवता के सामने संकट गहराने की स्थिति खड़ी हो चुकी है। निश्चित तौर पर आतंकवाद को करारा जवाब दिया जाना चाहिए, लेकिन अगर इस क्रम में व्यापक पैमाने पर आम लोग मारे जाने लगें और आतंकवादियों को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा हो तो ऐसे हमले हमेशा ही सवालों के कठघरे में होंगे।

इसलिए ब्रिक्स की बैठक में भारत की यह मांग काफी अहम है कि आतंकवाद से कोई समझौता नहीं होना चाहिए, लेकिन फिलिस्तीन की चिंता का स्थायी समाधान हो। यह छिपा नहीं है कि हमास के हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया से शुरू हुए युद्ध ने जो शक्ल अख्तियार कर ली है, उसका शिकार केवल आम लोग हो रहे हैं, भारी तादाद में बच्चे तक मारे जा रहे हैं। दूसरी ओर, युद्ध में बंधक बनाए गए लोगों का मुद्दा एक अलग मानवीय सवाल खड़ा कर रहा है कि दो सशस्त्र पक्षों के टकराव में साधारण लोगों को अपना कवच क्यों बनाया जा रहा है।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से हमास और इजराइल के बीच युद्ध के दौरान बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई की मांग जोर पकड़ रही है और इसके साथ ही दुनिया भर में इस इलाके में युद्ध रोकने की आवाजें गूंजने लगी हैं। शायद यही वजह है कि बुधवार को इजराइल की कैबिनेट ने एक अस्थायी युद्ध विराम को मंजूरी दे दी है।

हालांकि इसकी मुख्य वजह उन पचास बंधकों की रिहाई है, जिनकी सुरक्षित वापसी के लिए इजराइल ने हमास के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत चार दिनों के युद्ध विराम के दौरान बंधक रिहा किए जाएंगे। साथ ही अतिरिक्त दस बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम को एक और दिन के लिए बढ़ाया जाएगा।

यों यह विचित्र है कि एक ओर बंधकों को आजाद कराने के लिए युद्ध को अस्थायी तौर पर रोका जाएगा, मगर दूसरी ओर गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर जारी इजराइली गोलाबारी, मिसाइल हमलों में अगर आम लोगों की जान जा रही है तो उसे रोकना किसी की प्राथमिकता में नहीं है। हालत यह हो गई है कि युद्ध के दौरान सुरक्षित पनाहगाह के तौर पर घोषित अस्पतालों को भी हमलों का निशाना बनाया जा रहा है और साधारण नागरिकों की जान जा रही है।

जाहिर है, यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है, मगर इस पर सवाल उठने के बावजूद इजराइल के हमले जारी हैं और इसमें वैसे आम लोग मारे जा रहे हैं, जो किसी भी रूप में युद्ध के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। ऐसे में सबसे पहली जरूरत हमलों पर रोक लगाने की होनी चाहिए। अस्थायी युद्ध विराम जैसे तात्कालिक उपायों के मुकाबले स्थायी समाधान की राह निकालने के लिए सभी स्तर पर पहल की जानी चाहिए।

इस लिहाज से देखें तो भारत की मांग की अपनी प्रासंगिकता है। भारत पहले भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का हमेशा समर्थन करता रहा है। इसलिए ब्रिक्स की बैठक में भी भारत का यही स्पष्ट रुख है कि आतंकवाद से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मगर इस क्रम में फिलिस्तीनी नागरिकों के सामने जिस स्तर का संकट खड़ा हो गया है, उसकी चिंता भी वाजिब है।

एक स्थायी, ठोस और नीतिगत हल ही मौजूदा समस्या को खत्म कर सकता है। फिलिस्तीन की चिंताओं को दूर करने का आह्वान करते हुए भारत ने जो 'दो राज्य' नीति के तहत समाधान की बात कही है, वह इसी सरोकार से जुड़ा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि युद्ध के बजाय शांति और संवाद ही किसी समस्या के समाधान का रास्ता है।

## 'सनातन धर्म' के बदलते अर्थ



-डॉ सत्यवान सौरभ

सनातन धर्म शब्द को कैसे हेरफेर और हथियार बनाया गया है और हिंदू धर्म के ढांचे के भीतर जाति-विशेषाधिकार प्राप्त हिंदुओं की जाति भेदभाव को संबोधित करने में क्या जिम्मेदारियां हैं ? ये सोचने का विषय है। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गईं कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया। %सनातन धर्म% हिंदू धर्म की स्थायी और विकसित प्रकृति का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्याख्या और सुधार के लिए खुला है। हालाँकि इसके अर्थ और अनुप्रयोग पर बहस जारी रह सकती है, यह हिंदू विश्वास और अभ्यास का एक बुनियादी पहलू बना हुआ है। %सनातन धर्म% की रक्षा के लिए, हिंदू आस्था के लोगों को गहन आत्मनिरीक्षण और परिवर्तन में संलग्न होना चाहिए।

सनातन धर्म एक शब्द है जिसका प्रयोग अक्सर हिंदू धर्म का वर्णन करने के लिए किया जाता है। यह जीवन और विश्वास प्रणाली के एक प्राचीन और स्थायी तरीके का प्रतीक है। यह किसी एक संस्थापक, पंथ या पवित्र पुस्तक से बंधा नहीं है, बल्कि उभरते अनुभवों के आधार पर सत्य की निरंतर खोज की विशेषता है। %सनातन धर्म% हिंदू परंपरा के भीतर मान्यताओं, प्रथाओं और दर्शन की एक विशाल श्रृंखला को समाहित करता है। %सनातन धर्म% शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गईं कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया।


भले ही कुछ आध्यात्मिक नेता जातिगत विशेषाधिकार को संबोधित करते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी व्यक्तियों को अपनी कट्टरता का सामना करने के लिए मजबूर करते हैं। जातिगत भेदभाव का प्रचार करने वाले ग्रंथों और प्रथाओं की आलोचनात्मक जांच का अभाव है। जातिवादी व्यक्तियों के कार्यों की जिम्मेदारी अक्सर जातिगत हिंसा से खुद को दूर रखने वालों द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है। समकालीन चर्चाओं में, हिंदू धर्म के भीतर प्रगतिशील के रूप में पहचान रखने वालों के बीच बहस चल रही है और जो लोग खुद को अधिक रूढ़िवादी या रुढ़िवादी व्याख्या के साथ जोड़ते हैं। इस बहस के केंद्र में सनातन धर्म शब्द रहा है। सनातन धर्म शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं।

रूढ़िवादिता के आलोचकों का तर्क है कि उपसर्ग %सनातन% का उपयोग कुछ गुटों द्वारा प्राचीन पाठ्य सिद्धांतों के स्थायित्व पर जोर देने के लिए किया गया है, इसलिए वो हिंदू धर्म के भीतर परिवर्तन और सुधार का विरोध करना चाहते है। वे इसे प्रगति और समावेशिता में बाधा के रूप में देखते हैं। पूरे इतिहास में, हिंदू धर्म के भीतर आर्य समाज और रामकृष्ण मिशन जैसे विभिन्न सुधार आंदोलनों ने अस्पृश्यता और मूर्ति पूजा सहित पारंपरिक प्रथाओं को चुनौती देने की कोशिश की है। इन सुधारकों ने %सनातन धर्म% को अस्वीकार नहीं किया, बल्कि इसका लक्ष्य इसमें सुधार और विकास करना था। कई लोग जाति को व्यवसाय से जुड़ी एक प्राकृतिक सामाजिक व्यवस्था मानते हैं, जो हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है। इन जातियों के प्रगतिशील व्यक्ति जाति से जुड़ी हिंसा को समाप्त करने का आह्वान करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि जाति व्यवस्था को ही। वे अक्सर ऐतिहासिक और वर्तमान वास्तविकताओं को दरकिनार करते हुए वर्ण, जाति और जाति के बीच भेद से जूझते हैं। उनके लिए, हिंदू धर्म की आलोचना, जब उनकी अन्य आलोचनाओं के साथ देखी जाती है, तो आक्रामक हो सकती है।

स्वामी दयानंद सरस्वती ने सुधारों की वकालत करते हुए धर्म की शाश्वत और कालातीत प्रकृति पर जोर देते हुए वैदिक धर्म को सनातन नित्यधर्म कहा। महात्मा गांधी, एक गौरवान्वित सनातनी, ने महिलाओं को भारतीय समाज की मुख्यधारा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह प्रदर्शित करते हुए कि सुधार सनातन धर्म का एक हिस्सा हो सकता है। स्वामी विवेकानन्द ने, श्री नारायण गुरु के आंदोलन से पहले, केरल में हिंदू धर्म की स्थिति की आलोचना की थी, लेकिन ऐसा उन्होंने सनातन धर्म में गहराई से निहित परिप्रेक्ष्य से किया था। उन्होंने धर्म के भीतर गतिशीलता और सुधार की वकालत की।

सनातन धर्म का एक मूल सिद्धांत आत्मा की शाश्वत प्रकृति और पुनर्जन्म (पुनर्जन्म या संसार) की अवधारणा में विश्वास है। यह मानता है कि आत्मा अमर है और मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त होने तक जन्म और मृत्यु के चक्र से गुजरती है। सनातन धर्म की मूल अवधारणाएँ हिंदू धर्म तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि जैन और बौद्ध धर्म तक भी विस्तारित हैं। ये परंपराएँ शाश्वत आत्मा और पुनर्जन्म के चक्र में विश्वास साझा करती हैं, जिससे सनातन धर्म उनके बीच एक एकीकृत अवधारणा बन जाती है। यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि सनातन धर्म यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और इस्लाम जैसे धर्मों पर लागू नहीं होता है, जो पुनर्जन्म और शाश्वत आत्मा में विश्वास साझा नहीं करते हैं। इन धर्मों के अलग-अलग धार्मिक दृष्टिकोण और उत्पत्ति हैं।

सनातन धर्म शब्द को 19वीं सदी के अंत में प्रमुखता मिली। उपयोग और महत्व में इस बदलाव का श्रेय उस समय के विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारकों को दिया जा सकता है। 19वीं सदी के अंत में मिशनरियों और ब्रह्म समाज और आर्य समाज जैसे समाज सुधारकों के नेतृत्व में सुधार आंदोलनों का उदय हुआ। इन आंदोलनों के जवाब में, सनातन धर्म को हिंदू रूढ़िवाद के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा। सनातन धर्म हिंदू धर्म की स्थायी और विकसित प्रकृति का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्याख्या और सुधार के लिए खुला है। हालाँकि इसके अर्थ और अनुप्रयोग पर बहस जारी रह सकती है, यह हिंदू विश्वास और अभ्यास का एक बुनियादी पहलू बना हुआ है। स्वामी विवेकानन्द और सुब्रमण्यम भारती जैसे प्रतीकों ने प्रदर्शित किया है कि सनातन धर्म अपने कालातीत ढांचे के भीतर सुधार और प्रगति को समायोजित कर सकता है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए, हिंदू आस्था के लोगों को गहन आत्मनिरीक्षण और परिवर्तन में संलग्न होना चाहिए। जीवन की नश्वरता और सदैव बदलती प्रकृति को पहचानने का आह्वान हिंदू धर्म पर भी लागू होता है। कॉस्मेटिक परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे; एक दार्शनिक पुनर्मूल्यांकन अत्यावश्यक है। %सनातन धर्म% के सार की रक्षा के लिए, गहन आत्मनिरीक्षण और सार्थक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।




## अपना काम कठिन और दूसरों का आसान लगता है



डॉ नन्दकिशोर साह

कैसे हो जी, बड़े मजे हैं। आपके तो, बस दिन भर कंप्यूटर पर बैठ कर खट-पिट बटन दबाना पड़ता है। एक हम हैं, जो भाग-भाग कर काम कर रहे हैं।

काश हमको भी आप ही के जैसा काम मिल जाता। इस तरह का ताना मारनेवाले लोग आपको हर ऑफिस में मिल जायेंगे। ऐसे लोगों को लगता है कि पूरी दुनिया में केवल हमारा काम ही सबसे कठिन है और हम ही सबसे ज्यादा मेहनती हैं।

बाकि तो कंपनी के दामाद हैं और उन्हें कंपनी यूं ही बैठे रहने की सैलरी दे रही है। दरअसल हम में से अधिकतर लोगों को लगता है कि सामने वाले की नौकरी कितनी मजे की है और हमारी कितनी खराब है।

लोग डॉक्टर को देख सोचते हैं कि दो-चार दवाइयां परची में लिख देते हैं और कितना सारा रुपया कमा लेते हैं। वे यह नहीं सोचते हैं कि उस परची में वो दो-चार गोलियां कौन-सी लिखनी हैं, इसके लिए उन्होंने कितनी रातें जाग कर पढ़ाई की है। बहुत से लोगों को रिपोर्टर की जॉब भी बड़ी मजेदार लगती है।

वे सोचते हैं कि इनके काम तो हाथों-हाथ हो जाते होंगे। इनके तो पूरे परिवार को टॉकीज में मुफ्त में फिल्म देखने को मिलती होगी।

सारे फिल्म स्टार्स के ये इंटरव्यू लेते हैं, तो सभी के पर्सनल मोबाइल नंबर इनकी जेब में होंगे। कई बार तो रिपोर्टर और फोटोग्राफर तक झगड़ते हैं। फोटोग्राफर कहता है %तुम तो घटना होने के बाद आओ, तो भी काम चल जाता है।

जानकारी लेकर खबर लिख लोगे, हमें तो उसी क्षण फोटो के लिए पहुंचना होता है। रिपोर्टर कहता है तुम दो मिनट में फोटो सिस्टम में डाल कर चले जाओगे, हमें तो घंटों शब्दों को पिरो कर दमदार खबर लिखनी होती है।

पति को लगता है कि पत्नी घर में खाना बनाने, सोने और टीवी देखने के अलावा करती ही क्या है ? पत्नी को लगता है कि पति ऑफिस में बैठे-बैठे दो-चार फाइलें देखने और दोस्तों से गप्पे मारने के अलावा क्या करते हैं ? कुल मिला कर सभी को अपना काम कठिन और दूसरों का सरल लगता है, लेकिन सच ठीक इसके विपरीत होता है।

यह आपको तब पता चलेगा जब आप अपने साथी का काम एक बार कर के देखें और खुद को आजमाएं। हर पेशे की अपनी खासियत और अपनी कठिनाइयां होती हैं। आप इसे दूर बैठ कर महसूस नहीं कर सकते। इसे एक बार खुद आजमाएं तब बोलें।

दूसरों को ताना देना बंद करें। जिस तरह आपको सामने वाले का काम आसान लग रहा है, उसी तरह सामने वाले को भी आपका काम आसान लगता है।




## गहलोत के वादों पर एतबार नहीं कर रहे लोग



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा का चुनावी संग्राम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सभी राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टी के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले दो वर्षों से कह रहे हैं कि हम राजस्थान में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज तोडेंगे और लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। इसके लिए अशोक गहलोत साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रहे हैं। यहां तक की उन्होंने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट की तारीफ करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

सरकार की वापसी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछले काफी समय से तरह-तरह की योजनाएं चला रहे थे। अब उन्होंने चुनावी ब्रह्मास्त्र के रूप में अपनी सरकार की तरफ से लोगों को सात गारंटी देने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा है की सरकार रिपीट होने पर इन सातों गारंटी को लागू कर आम जनता को इनका फायदा पहुंचाया जाएगा।

मगर गहलोत के साथ वही बात हो रही है कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। राजस्थान के मतदाताओं को गहलोत की गारंटी के ऊपर एतबार नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जब पूरे पांच साल लगातार सरकार चलाई तब इन सब बातों पर अमल क्यों नहीं किया। अब गारंटी देकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत सरकार ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त उपलब्ध करवा रही है। मगर दूसरी तरफ विद्युत कंपनियां पिछले 3 साल की ऑडिट के नाम पर बहुत से घरेलू उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के रूप में पांच हजार से बीस हजार रूपये तक का बकाया निकाल कर वसूल रही है। इससे लोगों का गहलोत सरकार के प्रति विश्वास डगमगा गया है।

लोगों का कहना है कि जहां हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन 2500 प्रतिमाह है। वही राजस्थान में चुनाव के नजदीक आने पर सरकार ने उसे बढ़ाकर 1000 किया है। प्रदेश में आज ऐसे बहुत से वरिष्ठ नागरिक है जिनके जीवन बसर का कोई साधन नहीं हैं। ऐसे में यदि वरिष्ठ जनों की पेंशन में बढ़ोतरी होती तो उनको जीवन बसर करने में बहुत सुविधा होती। मगर सरकार ऐसा करने में फेल रही है।

गहलोत मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना की बहुत तारीफ करते घूमते हैं तथा चुनावी घोषणा पत्र में भी उसे बढ़ाकर 50 लख रुपए प्रति परिवार तक करने का वादा किया है। मगर प्रदेश के 95 फीसदी निजी अस्पतालों में यह योजना चल ही नहीं रही है। सिर्फ सरकारी अस्पतालों में चल रही है जहां की व्यवस्था का तो भगवान ही मालिक है। यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिरंजीवी योजना की राशि को पहले के तरह ही रखकर उसे सभी निजी अस्पतालों में हर बीमारी के उपचार के लिए लागू करवा देते तो प्रदेश की जनता को अधिक फायदा मिलता। मगर ऐसा हो नहीं पाया है।

चुनाव की घोषणा के कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री ने उज्ज्वला योजना में महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की और जब भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर साढ़े चार सो रुपए में सभी महिलाओं को हर माह एक गैस सिलेंडर देने की बात कही तो मुख्यमंत्री भी अब 400 में सिलेंडर देने की बात कहते घूम रहे हैं। मगर कांग्रेस सरकार ने उक्त योजना को सिर्फ उज्ज्वला के लाभार्थियों तक ही सीमित रखा। जबकि ऐसे बहुत से परिवार है जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। मगर उनके पास उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन नहीं होने से वह लोग इस तरह के लाभ से वंचित रह गए हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पांच वर्ष का कार्यकाल पार्टी में व्याप्त आंतरिक गुटबाजी व कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई में ही बीत गया। एक साल का समय तो कोरोना की भेंट चढ़ गया और बाकी समय सरकार बचाने को लेकर की गई बाड़ेबंदी में ही गुजर गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम जनों के लिए बहुत बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की थी मगर वह धरातल पर नहीं उतर पाई। बजट के अभाव में बहुत सी सड़कों, जलदाय योजनाओं का काम अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया है।

जबकि उन्हें दो साल पूर्व के बजट में शामिल किया गया था। गांव में प्रारंभ किए गए महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से वहां पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई खराब हो रही है।

पिछले 5 साल में जन विरोधी कार्यो के लिए जितनी गहलोत सरकार बदनाम हुई है। उतनी आज तक कोई भी सरकार नहीं हुई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होना तो जैसे सरकार का मुख्य काम ही हो गया है। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होकर बाजार में बिकने के कारण राजस्थान के हजारों नौजवानों के नौकरी लगने से वंचित रह जाने के कारण उनका भविष्य खराब हो गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य बाबूलाल कटारा रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बावजूद सरकार ने उसको आज तक पद से नहीं हटाया है।

प्रदेश में जिस तरह से खनन माफिया हावी है और खान मंत्री प्रमोद जैन भाया पर कांग्रेस के ही वरिष्ठ विधायक भारत सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं उसके बावजूद भाया का मंत्री पद पर बना रहना गहलोत सरकार के प्रति लोगों के मन में शक पैदा करता है। महिलाओं के प्रति विधानसभा में गलत बयान करने वाले शांति धारीवाल आज भी सरकार में मंत्री हैं तथा फिर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शिक्षा राज्य मंत्री रहते जिस तरह से अपने रिश्तेदारों को सरकारी सेवा में अनधिकृत तरीके से भर्ती करवाने को लेकर बदनाम हुए हैं। उनकी बदनामी के दाग शायद ही कभी धूल पाए।

राजस्थान में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात की तुलना में 12 रूपये प्रति लीटर डीजल, पेट्रोल के महंगा बिकने के मुद्दे को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी सभा में उठाया है और वायदा किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर तुरंत डीजल, पेट्रोल की कीमतों की समीक्षा कर उन्हें काम किया जाएगा। इसका प्रदेश के मतदाताओं पर गहरा असर हुआ है। गहलोत सरकार ने कई बार वायदा कर डीजल-पेट्रोल के दामों में कमी नहीं की। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अधिक होने से प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में करीबन 400 पेट्रोल पंप बंद हो चुके हैं। पेट्रोल डीजल की कीमतों से आम आदमी का सीधा संबंध रहता है। इसलिए यह मुद्दा गहलोत सरकार के गले की घंटी बन गया है।

पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने समर्थक सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र का मिनी मुख्यमंत्री बना दिया था। जिसके चलते क्षेत्र में विधायकों ने मनमानी की और जमकर भ्रष्टाचार किया। जिससे आम मतदाता जिन्होंने बड़ी आशा के साथ कांग्रेस को वोट देकर सरकार बनवाई थी। उनके मन में कांग्रेस के प्रति नकारात्मक धारणा व्याप्त हो गई है। जिसे शायद ही कभी दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री गहलोत सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी राजस्थान में लगातार चुनावी दौरे कर कांग्रेस को जिताने की अपील कर रहे हैं। मगर प्रदेश की जनता के रुझान से लगता है कि उन्होंने इस बार कांग्रेस को सबक सिखाने का दृढ़ संकल्प कर लिया है।

# शार्ट न्यूज

## कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट बना लोगों के मध्य आकर्षण का केन्द्र

**हरदोई।** (पी एम ए) मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट लगातार लोगों के मध्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। अधिकारी भी बड़े उत्साह से सेल्फी प्वाइंट में खड़े होकर फोटो खिंचवाते हैं और स्वयं जिलाधिकारी ने सेल्फी प्वाइंट पर अपनी फोटो खिंचवाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देते हैं। जिलाधिकारी 9 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान की चर्चा करते हुए कहते हैं कि जनपद की सभी आठ विधानसभाओं में पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ व पर्यवेक्षकों को लगाया गया है तथा बीएलओ से सीधा संवाद भी किया जा रहा है तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजर से सीधा संवाद कर चुके हैं। उन्होंने बीएलओ से फॉर्म 6,7 व 8 की बारीकियों को लेकर बीएलओ से बात की। जिलाधिकारी का कहना है कि इपी रेशियो व जेंडर रेशियो पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिव्यांग मतदाताओं के शत प्रतिशत कवरेज के लिए गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्मिकों के सीधे संवाद की काफी प्रशंसा की जा रही है।

## मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी, दी चेतावनी

गोरखपुर। (पी एम ए) मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने गोड़धोइया नाले के जीर्णोद्धार हेतु निर्माणधीन कार्यों की प्रगति की अद्यतन समीक्षा के लिए जंगल छत्रधारी स्थित डोला शाहपुर में निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रमिको की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाये। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी एवं ठेकेदार के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जल निगम नगरीय के अधिकारियों से कार्य निर्माण प्रगति, निर्माण क्षेत्र में स्थित भूमि की रजिस्ट्री की स्थिति, अतिक्रमण हटाने की स्थिति आदि की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने कहा कि यह नाला शहर के जलनिकासी एवं यातायात के लिए अति महत्वपूर्ण है इसलिए निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिया कि अगर निर्माण कार्य में लगे कार्यबल से समय पर काम पूर्ण न हो रहा हो तो कार्यबल बढ़ाकर इसको तय समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखें कि इसकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता न हो। इस अवसर पर सम्बधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## त्रिवेणी चीनी मिल ने चालू पेराई सत्र का 24.82 करोड़ भुगतान किया

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में देवबंद चीनी मिल प्रशासन ने दावा किया है कि मिल की ओर से 13 नवंबर तक खरीदे गए गन्ना मूल्य का भुगतान 24 करोड़ 82 लाख रूपए किसानों के खातों में भेज दिया गया है। त्रिवेणी यूनिट के हैड पुष्कर मिश्र ने गुरुवार को बताया कि चीनी मिल बेहतर ढंग से गन्ना पेराई कर रही है और वह अपनी पूर्व की परंपराओं का अनुसरण करते हुए इस बार भी गन्ना मूल्य भुगतान में आगे चल रही है। पिछले कुछ वर्षों में त्रिवेणी समूह की देवबंद इकाई गन्ना पेराई और गन्ना मूल्य भुगतान के मामले में पूरे सूबे में ऊंचे मापदंड स्थापित किए हुए है और गन्ना आपूर्ति के मामले में यह चीनी मिल किसानों की पहली पसंद बनी हुई है। उन्होने बताया कि चालू पेराई सत्र में यह चीनी मिल दो बार गन्ना मूल्य भुगतान कर चुकी है। मिल के उपप्रबंधक संजीव अहलावत ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे चीनी मिल को साफ-सुथरा, अगोला और जड़ रहित गन्ना सप्लाई करें। जिससे सभी को फायदा होगा।

## कौशांबी में घरेलू क्लेश में की मां की हत्या

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को घरेलू कलह के चलते एक युवक ने अपनी मां की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नसीरपुर गांव के राजेंद्र की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। घर में उसकी पत्नी सरोज देवी (50) अपने पुत्र धीरेंद्र सिंह और पुत्रवधू के साथ रहती थी। आज किसी बात को लेकर उसका धीरेंद्र से झगड़ा हो गया। आक्रोश में आकर बेटे ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर और ईट मार कर अपनी मां को घायल कर दिया। उन्होने कहा कि गंभीर रूप से घायल सरोज देवी की मौके पर मृत्यु हो गई। गांव की चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने आरोपी धीरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। उसकी तलाश की जा रही है।

## यूट्यूबर का शव फंदे से लटका मिला

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले की मशहूर यूट्यूबर मालती चौहान का शव गुरुवार भोर उनके घर में फंदे से लटकता मिला। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि महुली थाना क्षेत्र के काली जगदीशपुर गांव निवासी मालती चौहान का शव उनके ही घर में फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि मालती का अपने पति विष्णु चौहान से विवाद चल रहा था। ऐसे में पुलिस विष्णु चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस घटना से मालती के फैंस को तगड़ा झटका लगा है। उनके घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पोस्टमार्टम हाउस में भी लोगों का तांता लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि मालती चौहान मशहूर यूट्यूबर थीं और काफी चर्चा में रहती थीं। कई बार उनके यूट्यूब को लेकर पुलिस ने कड़ाई भी बरती थी। उनकी संदिग्ध मौत को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

## पत्नी लड़ी तो पति ने खुद को मार ली गोली

**झांसी।** झांसी में पत्नी के झगड़ा करने पर पति ने 315 बोर के तमंचा से खुद को गोली मार ली। गोली सिर को छूते हुए निकल गई। घायल पति को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। घायल का भाई गांव का चौकीदार है। उसने चौकी पर जाकर पूरे मामले की जानकारी दी। तब सीपरी बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और तमंचा जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के अंबावाय गांव निवासी राजा बंशकार (22) पुत्र राजू मजदूरी करता है। उसकी शादी 3 साल पहले प्रियंका से हुई थी। उनकी 11 माह की एक बेटी है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को प्रियंका ने पति से घरेलु सामान मंगाया था। लेकिन शाम को पति सामान लेकर नहीं पहुंचा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। तब राजा ने कमर से तमंचा निकाला और अपने ऊपर फायर कर दिया। बीच बचाव में गोली सिर को छूते हुए निकल गई। इससे राजा घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए और घायल को मेडिकल कॉलेज ले गए। राजा का बड़ा भाई अमरसिंह गांव का चौकीदार है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जालौन।** जालौन में पति से लड़कर पिछले एक साल से मायके में रह रही एक महिला के घर से वापस न लौटने पर मायूस होकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरिया की है। यहां का रहने वाला पंकज कुमार (28) गल्ला मंडी में पल्लेदारी का काम करता था, जिसकी पत्नी रागिनी लड़ झगड़कर पिछले एक साल से अपने दोनों बच्चों के साथ गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन स्थित अपने मायके में रह रही थी। इस दौरान कई बार पंकज ने पत्नी रागिनी और अपने दोनों बच्चों को घर लाने की कोशिश की, पर उसके ससुरालीजनों ने उसे साथ नहीं भेजा, जिससे वह तन्नाव में रहने लगा। बुधवार रात को जब परिवार के लोग खाना खाकर सो गये, तभी पंकज ने अपने कमरे में साड़ी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली, जिसमें दम घुटने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# कानपुर में चलती ट्रेन में लगी आग

### यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर बचाई जान, बिल्हौर स्टेशन पर पहुंचने से पहले कासगंज एक्सप्रेस में हुई घटना

बिल्हौर। बिल्हौर में गुरुवार को कासगंज एक्सप्रेस-15039 की बोगी में अचानक लगी आग गई। बीबीपुर क्रॉसिंग के पास तत्काल ट्रेन को रोका गया। बोगी में धुआं उठता देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन कानपुर-अनवरगंज से कासगंज जा रही थी। ट्रेन कर्मियों और लोगों की मदद से फायर सेफ्टी सैलेंडर से आग बुझाई गई। एक्सप्रेस की बोगी से सभी यात्री सुरक्षित हैं।



कुछ खिड़की से कूद गए। बिल्हौर थाना के सुभानपुर गांव के सामने की घटना है। कानपुर सेंट्रल से कासगंज मथुरा के लिए जा रही कासगंज एक्सप्रेस ट्रेन में गुरुवार शाम लगभग साढ़े चार बजे बिल्हौर रेलवे स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर पहले सुभानपुर गांव के सामने ट्रेन की चौथे डिब्बे में नीचे पहियों के पास पहले धुआं और फिर आग की लपटें उठने लगी। घटना देख जहां सवारियों में अफरातफरी मच गई।

### आधे घंटे तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही

वहीं गार्ड द्वारा चालक को सूचना देकर ट्रेन को रुकवाया गया। ट्रेन रुकते ही सवारियां ट्रेन से कूद-कूद कर भागने लगीं।

ट्रेन से उतरे गार्ड व चालक द्वारा ट्रेन में मौजूद फायर सिलेंडर व चूने की मदद से आग को बुझाया गया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही और देखते ही देखते ट्रैक के दोनों तरफ ग्रामीण व सवारियों की भीड़ जमा हो गई। आग बुझाने के बाद ट्रेन को गतंव्य के लिए रवाना हो गई।

### उत्तरीपूरा स्टेशन पर ही उठ रहा था धुआं

ट्रेन से उतरी सवारी के अनुसार चौथी बोगी में शिवराजपुर से निकलने के बाद ही धुआं उठने लगा था। जिसके चलते उत्तरीपूरा स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया था और धुआं बंद होते ही ट्रेन को फिर आगे बढ़ा दिया गया था।

### स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज कमल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। चंद कदम की दूरी पर मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एंबुलेंस भी मौके के पर पहुंच गई। वहीं किसी हताहत ना होने से लोगों ने रात के सांस ली।

### ब्रेक-शू रगड़ने के कारण हुआ हादसा

ट्रेन में मौजूद कार्ड के अनुसार चौथी बोगी में भाइयों के ब्रेक-शू रगड़ने के कारण पहियों के पास से धुआं उठने लगा था।

# ठंड से निपटने के लिये राहत विभाग को आंवटित 120 करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित लोगों को राहत देने के लिए सभी मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को पुख्ता इंतजाम करने के दिशा-निर्देश दिये हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सरकार ने शीतलहरी के दौरान निराश्रित व्यक्तियों, शरणार्थियों और प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा के लिए राहत विभाग को 120 करोड़ की धनराशि आवंटित की है। इसके सापेक्ष विभाग ने भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलाधिकारियों को शीतलहरी से निपटने के लिए पहली किस्त करीब बीस करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ठंड की शुरुआत के साथ ही शीतलहरी से निपटने के लिए 351



तहसील को कंबल के लिए पहली किस्त के रूप में 17 करोड़ 55 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

वहीं अन्य राहत सामग्री के लिए एक करोड़ 75 लाख 50 हजार रुपये जारी किए गए हैं। ऐसे में विभाग ने पहली किस्त के रूप में कुल उन्नीस करोड़ तीस लाख पचास हजार रुपये जारी किए हैं।

इसमें सबसे अधिक धनराशि 38 लाख 50 हजार गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के लिए जारी की गई है। साथ ही सभी मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को ठंड से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# तेज रफ्तार कार पिकप से टकराई, एक युवक की मौत

वाराणसी। (पी एम ए) कैंट थाना क्षेत्र के कुम्हारपुरा के समीप गुरूवार तड़के एक तेज रफ्तार कार भूसा लदी खड़ी पिकप से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। घटना का कारण भोर में कोहरा और धुंध माना जा रहा है।

कैंट पुलिस के अनुसार कुम्हारपुरा के पास भोर में एक भूसा लदी पिकप बेयरिंग टूटने के कारण खड़ी थी। इसी दौरान सोनभद्र के राबर्ट्सगंज निवासी जावेद अहमद पुत्र सनव्वर अपने दो साथियों के साथ स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से फुलवरिया ओवरब्रिज से गुजर रहा था। कुम्हारपुरा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खड़ी पिकप से टकरा गई।

हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने जावेद अहमद को मृत घोषित कर दिया। कैंट पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

जिन्हें क्रेन द्वारा थाने पर पहुंचाने की कार्यवाही की जा रही है। मृतक और घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## फर्रुखाबाद में प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज क्षेत्र में गुरुवार को एक प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम रामपुर भरतामऊ निवासी सुरजीत (18) का प्रेम प्रसंग पड़ोस की युवती शिवानी (17) से चल रहा था और दोनो विवाह करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिजन शादी के विरोध में थे। इससे क्षुब्ध होकर दोनों ने आज तड़के एक रस्सी के फंदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरजीत के ताऊ ने सुबह दोनो को फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक युवती के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ भिजवाया।

# उमेशपाल हत्याकाण्ड का आरोपित इनामी नफीस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, 50 हजार का था इनाम

प्रयागराज। (पी एम ए) उमेशपाल हत्याकांड में फरार चल रहा 50 हजार का इनामी रेस्टोरेंट संचालक नफीस बुधवार देर रात नवाबगंज के आनापुर में पुलिस से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाएं पैर में गोली लगी है। उसे स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती के मुताबिक, बुधवार रात 11: 30 बजे प्रयागराज प्रतापगढ़ सीमा पर नवाबगंज के आनापुर में पुलिस टीमें गश्त पर थीं। इसी दौरान एक बाइक पर दो लोग आते दिखाई दिए। रुकने का



इशारा करने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायर झोंकते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस के खदेड़ने पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दोनों नीचे गिर गए। इसके बाद भी उन्होंने फायर किया। पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में एक हमलावर के पैर में गोली लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने जख्मी बदमाश से पिस्टल, कारतूस व बाइक बरामद की। पूछताछ में पता चला कि हमलावर उमेशपाल हत्याकांड का आरोपित नफीस है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि अशरफ ने उसके ही जरिये अपनी व अपने भाई की काली कमाई का एक बड़ा हिस्सा अलग-अलग कारोबार में निवेश किया। इसके बदले में नफीस माफिया व उसके परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाता था। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि शहर में फाफामऊ, एयरपोर्ट क्षेत्र और धूमनगंज के साथ ही दूसरे जनपदों में भी उसने जमीन में पैसा लगाया था। इसमें उसके कई पार्टनर थे।

# कौशांबी में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**कौशांबी।** कौशांबी के मंझनपुर नगर पालिका के विनियमित क्षेत्र में बिना नक्शा परमिशन के प्लाटिंग कर कालोनी बसा रहे जमीन पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई। गुरुवार की दोपहर बुलडोजर लेकर एसडीएम, राजस्व कर्मी के साथ मगरोहनी कस्बा पहुंचे। जहां बिना लेआउट पास हुई प्लाटिंग के निर्माण को ध्वस्त कराया। जांच के दौरान सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा होने जाने पुष्टि हुई है। एसडीएम ने ऐसे कारोबारियों को भू-माफिया के श्रेणी में सूची बद्ध करने के निर्देश राजस्वकर्मियों को दिए है।



एसडीएम आकाश कुमार ने बताया कि किसानों की भूमि को औने-पौने दाम कर लेकर बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग किया जा रहा है। जिसके क्रम मे उच्चाधिकारियों ने विनियमित क्षेत्र में जमीन कारोबारियों की जांच की ज़िम्मेदारी सौंपी है। जांच की कार्रवाई शुरू करते हुए ब्रहस्पतिवार को वह मगरोहनी गाव मे आए है। यहाँ बड़े भूभाग पर कारोबारियों द्वारा कृषि योग्य भूमि को प्लाटिंग के जरिये खरीदा बेचा जा रहा है। कई प्लाटिंग के एरिया मे कारोबारियों ने बिना नक्सा परमीशन के सड़क बिजली व भूखंड का चिंहांकन कर रखा था। जिसे बुल्डोजर कार्यवाही करते हुए तत्काल ध्वस्त करा दिया गया है। कार्यवाही अभी जारी है। जांच के दौरान कई स्थानो पर ग्राम सभा की भूमि एवं सरकारी चकमार्ग एवं सरकारी नाली की भूमि को जमीन कारोबारियों ने अवैध तरीके से कब्जा कर उस कर भूखंड बना दिया है। राजस्व कर्मियों द्वारा नाप की कार्यवाही मे ऐसे कारोबारियों के नाम भूमाफिया की सूची मे डाले जाने के निर्देश राजस्व कर्मियों को दिये गये है।

एसडीएम के जमीन कारोबारियों पर हुई कार्रवाई के बाद हड़कंप की स्थिति है। कई कारोबारी नक्शा परमिशन के दफ्तर जनपद में न होने का हवाला देकर राजस्व विभाग की कार्रवाई को धन उगाही का जरिया बता रहे है। कारोबारियों के मुताबिक नगर पालिका के दफ्तर मे कही पर भी नक्शा परमिशन का दफ्तर आज तक उन्हें नहीं दिखाई पड़ा। यदि दफ्तर है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। ताकि व परमिशन लेकर कारोबार को करें।

## 80 साल की महिला से रेप के बाद हत्या

**झांसी।** झांसी से बड़ी खबर है। यहां घर में अकेली 80 साल की महिला की रेप के बाद हत्या कर दी गई। प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। महिला के कपड़े फटे हुए थे। दांतों से दोनों गालों पर काटने के निशान भी मिले हैं। घटना ककरवई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस रेप की बात से इनकार कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं बुजुर्ग महिला के बेटे और बहू ने एक युवक पर रेप करने के आरोप लगाए हैं। बहू ने कहा कि उसकी सास ने मरने से पहले पूरी आपबीती बताई। आरोपी ने बुजुर्ग के साथ अमानवीय व्यवहार किया है। दांत से उसके गाल काटे फिर उसका रेप किया और उसके बाद हत्या कर दी। मृतका के बड़े बेटे ने बताया, बुधवार रात को मेरी मां घर पर अकेली थी।

# आजमगढ़ में गैंगरेप का आरोपी अरेस्ट

### पीड़िता को घर से उठा ले गए थे 4 आरोपी

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि 21 नवंबर की रात में चार आरोपी घर में आए। आरोपियों ने में राहुल यादव, कमलेश यादव और दो अज्ञात थे।

आरोपी पीड़िता के पति को बुलाने के बहाने घर में आए थे। पति को सोता देखकर चारों पीड़िता को उठाकर झाड़ियों के पास ले जाकर रेप की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। पीड़िता का पुलिस ने मेडिकल कराया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होते ही पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश में जुट गई। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी की गई।

### सरदहां बाजार से आरोपी गिरफ्तार

इस मामले की विवेचना कर रहे प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना में वांटेड आरोपी राहुल यादव की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली की आरोपी सरदहां बाजार के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

## बुलंदशहर : नसबंदी अभियान में लापरवाही पर बिफरे जिलाधिकारी



**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव तथा नसबंदी की गिरावट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रसव कार्य शत-प्रतिशत तथा नसबंदी लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीजेरियन प्रसव सेवाएं सीएचसी पर ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तथा आशा संगिनी द्वारा गर्भवती महिलाओं को पूर्व में ही खान-पान सम्बन्धी जानकारी व सलाह, हीमोग्लोबिन टैबलेट व संवेदनशीलता के साथ सुपर विजन तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं की जांच कार्य शतप्रतिशत करने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने 102,108 एम्बुलेंस समय से उपलब्ध न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने क्षय रोगियों एव राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त डॉक्टर अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अभियान चलाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने एव स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर हेल्थ एण्ड वैलनेश सेन्टर पर कक्ष का निर्माण एव एचडब्लूसी उपकेंद्र के भवन के सुदृढ़ीकरण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नए निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन ससमय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# सीतापुर में ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 4 लोगों की मौत

### विपरीत दिशा से आ रही थी कार; उत्तराखंड से फैजाबाद जा रही थी बारात



एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर में नेशनल हाइवे पर दर्दनाक हादसा हो गया है। लखनऊ से आ रहे एक ट्रक ने विपरीत दिशा से जा रही एक कार को जोरदार टक्कर मार दी।

इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता सहित दो बेटे भी शामिल है। हादसे में कार के परख्च्चे उड़ गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को कार को काटकर बाहर निकलवा। हादसे के बाद ट्रक पर लदे सीमेंट के सीवर पाइप हाइवे पर गिरने से वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लग गया। लगभग एक घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस जाम खुलवाना का प्रयास कर रही है।

### फिरोजाबाद के रहने वाले सभी मृतक

घटना खैराबाद थाना इलाके की है। यहां नेशनल हाइवे 24 पर स्थित समदेपारा के निकट सड़क हादसे में चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, फैजाबाद जिले के गांव सुहावल के रहने वाले ऋषभ पुत्र विजय कुमार की शादी थी।

ऋषभ का परिवार में रुद्रपुर उत्तराखण्ड में नौकरी करता है। इसकी शादी गांव सुहावल से ही तय हुई थी। इसलिए बारात उत्तराखण्ड के रुद्रपुर से फैजाबाद के सुहावल थाना रौनाही जा रही थी।

एक बस और दो कार से बाराती जा रहे थे। सबसे आगे दूल्हे की कार थी। इसके बाद एक और कार थी। इसी कार में रामदास (62), उनके दो बेटे अंकुर (18), सोनू (25) और लेखराज (35) सवार थे। सबसे पीछे बस चल रही थी।

### विपरीत दिशा से आ रही था कार

इसी दौरान नेशनल हाइवे 24 पर स्थित समदेपारा के पास कार में फ्यूल खत्म होने वाला था। इसलिए कार में पेट्रोल डलवाने के लिए ये लोग उल्टी दिशा में जा रहे थे। लखनऊ से सीतापुर सीवर पाइप लेकर जा रहे ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही फोर्ड फिगो कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे के बाद ट्रक सड़क किनारे खाई में उतर गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।

### 4 लोगो की मौके पर मौत

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी 4 लोगों को कार काटकर बाहर निकाला। लेकिन तब तक सभी चार लोग रामदास उनके दो बेटे अंकुर, सोनू और लेखराज की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी मृतकों को जिला अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद पुलिस ने मृतकों की परिजनों को के प्रयास में जुटी हुई है। घटना के बाद नेशनल हाइवे पर ट्रक पर लदे पाइपों के सड़क पर गिरने से वाहनों की जाम लग गया। दो थानों की पुलिस मौके पर मौजूद है। एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि खैराबाद थाना क्षेत्र में भीषण हादसा हो गया है। इस हादसे में पिता और दो बेटों सहित चार लोगों की मौत हो गई है। यह सभी लोग रुद्रपुर से फैजाबाद बारात जा रहे थे। कार उल्टी दिशा से आ रही थी। सीवर पाइप लदे ट्रक ने टक्कर मारी है। ट्रक चालक फरार है। उसका पता लगाया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### शेयर बाजार सपाट

मुंबई। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत बारह समूहों में 1.22 प्रतिशत तक की तेजी वहीं आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत आठ समूहों में 1.13 प्रतिशत तक की बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 5.43 अंक फिसलकर 66017.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक की मामूली गिरावट लेकर 19802 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.15 प्रतिशत बढ़कर 33,567.10 अंक और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,751.07 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3844 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2064 में लिवाली जबकि 1636 में बिकवाली हुई वहीं 144 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाभ और शेष 25 नुकसान में रही। बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान हेल्थकेयर 1.13, इंडिस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 0.46, यूटिलिटीज 0.12, कैपिटल गुड्स 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, पावर 0.11 और टेक समूह के शेयर 0.26 गिर गए।

### मास्टरकार्ड और यू ग्रो कैपिटल ने मिलाया हाथ

नयी दिल्ली। मास्टरकार्ड ने आज भारत में छोटे व्यवसायों के लिए वित्त संबंधी समाधानों का विस्तार करने के लिए एमएसएमई फाइनेंसिंग में विशेषज्ञता वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंसिंग कंपनी यू ग्रो कैपिटल के साथ हाथ मिलाने की घोषणा की। कंपनी ने आज यहां कहा कि छोटे व्यवसायों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने और काम को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती है। भारत में एमएसएमई लंबे समय से कई तरह की जटिल चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिनमें पूंजी तक उनकी सीमित पहुंच भी शामिल है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार भारत में 6.40 करोड़ से अधिक एमएसएमई में से केवल 14 प्रतिशत के पास ही ऋ़ण तक पहुंच है।मास्टरकार्ड और यू ग्रो कैपिटल के बीच इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य भारत में लाखों छोटे व्यवसायों के लिए समग्र डिजिटल सप्लाई चेन फाइनेंसिंग समाधानों को सक्षम करके इस चुनौती का समाधान करना है। यू ग्रो कैपिटल अन्य छोटे व्यापारियों और महिला उद्यमियों के अलावा डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर्स और अंतिम खुदरा विक्रेताओं को अल्पकालिक ऋ़ण की पेशकश करने के लिए अपने प्रोपराइटरी अंडरराइटिंग और नकदी प्रवाह समर्थित मूल्यांकन मॉडल का लाभ उठाएगी।

### ओपनएआई में आल्टमैन की वापसी के बाद सत्या नडेला की हो रही तारीफ

नई दिल्ली। सैम आल्टमैन की सीईओ के रूप में ओपनएआई में वापसी के बाद कई लोगों ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला की तारीफ की है। नडेला ने आल्टमैन को एआई कंपनी से निकाले जाने के बाद माइक्रोसॉफ्ट में जोड़ने का एलान कर दिया था। हालांकि ओपनएआई की ओर से ऑल्टमैन को वापस लाने की घोषणा के बाद, नडेला ने कहा कि ओपनएआई में अधिक स्थिर, पारदर्शी और प्रभावी शासन बनाने के लिए यह पहला आवश्यक कदम है। इस मसले पर एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक और सीईओ राधिका गुप्ता ने कहा कि ओपनएआई प्रकरण के दौरान दुनिया ने नडेला का युद्धकालीन नेतृत्व देखा। माइक्रोसॉफ्ट में इंटर्न रह चुकीं गुप्ता ने इस प्रकरण में नडेला के योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा, पिछले 5 दिनों में, हमने जो आपका युद्धकालीन नेतृत्व देखा है वह किसी भी प्रबंधन की कक्षा में नहीं सीखा जा सकता, इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के एक पूर्व इंटर्न की ओर से आपका ध्यानवाद। गुप्ता के लिंक्डइन के अनुसार, उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के लिए 2003 और 2004 में प्रोग्राम मैनेजर इंटर्न के रूप में काम किया।

### दिवाली सप्ताह के दौरान लगातार दूसरे वर्ष लोगों ने नकद लेनदेन से किया परहेज

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी ताजा इकोरैप रिपोर्ट में बताया है कि दिवाली सप्ताह के दौरान लगातार दूसरी बार चलन में मौजूद मुद्रा (सीआईसी) में गिरावट आई है और उपभोक्ताओं ने त्योहारी खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान का रुख किया। इकोरैप रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2023 के त्योहारी महीने में मूल्य के लिहाज से यूपीआई के जरिए 1,36,600 करोड़ रुपये के 85.3 करोड़ लेनदेन (मासिक आधार पर) की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई की डिजिटल यात्रा की सफलता का मुख्य कारण अर्थव्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सरकार की ओर से किए गए अथक प्रयास हैं। इसके अलावा, यूपीआई, वॉलेट और पीपीआई जैसी इंटरऑपरेबल भुगतान प्रणालियों ने डिजिटल रूप से पैसों का लेनदेन सरल और सस्ता बना दिया है। यह उन लोगों के लिए भी सुविधाजनक है जिनके पास बैंक खाते नहीं हैं। रिपोर्ट में पिछले 20 साल से दिवाली सप्ताह के दौरान चलन में मुद्रा के उतार-चढ़ाव का भी विश्लेषण किया गया है। सीआईसी में 2022 और 2023 दोनों में क्रमश: लगभग 7,600 करोड़ रुपये और 5,900 करोड़ रुपये की गिरावट देखी।

### पोंजी स्कीम चलाकर 100 करोड़ रुपये का गबन

नई दिल्ली। ईडी ने त्रिची स्थित एक ज्वैलरी फर्म के तमिलनाडु और पुडुचेरी स्थित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की है। आरोप है कि ज्वैलरी फर्म द्वारा पोंजी स्कीम चलाकर 100 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप है। ईडी ने ज्वैलरी फर्म के कई करीबियों के यहां भी छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ज्वैलरी फर्म द्वारा चलाए जा रहे स्टोर अक्तूबर में बंद हो गए। इसके बाद जिन लोगों ने अपना पैसा लगाया था, इसकी शिकायत त्रिची स्थित आर्थिक अपराध शाखा में की। शिकायत मिलने के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने ज्वैलरी फर्म के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की। आरोपी की पहचान मदन के रूप में हुई है। साथ ही इस महीने की शुरुआत में आरोपी मालिक और उसकी पत्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी कर दिया गया है। ईडी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामले के आधार पर उन्होंने पीएमएलए कानून के तहत ज्वैलरी फर्म के खिलाफ छापेमारी की। आरोप है कि कुछ लोग पोंजी स्कीम चला रहे थे। ईडी की छापेमारी में 23 लाख नकदी और 11.6 किलो के आभूषण शामिल हैं।

# फॉक्सकॉन इंडस्ट्री लगने से तीन लाख युवाओं को मिलेगी नौकरियां

महेश्वरम। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने गुरुवार को माहेश्वरम में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जब तक वह जीवित हैं..तब तक तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष राज्य रहेगा।

उन्होंने कहा, हिन्दू और मुस्लिम मेरे लिये दो आँखों की तरह हैं। मैं आपसे वादा करता

हूं कि जब तक केसीआर जीवित हैं तब तक तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष राज्य रहेगा। पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान आये दिन झड़पें होती थीं, कर्फ्यू लगता था। लेकिन हमारी बीआरएस सरकार के 10 वर्षों में एक दिन भी कर्फ्यू नहीं लगा। तेलंगाना शांत राज्य है। हम हिन्दू और मुस्लिम के त्योहार बराबरी से मनाते हैं। महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र के पहाड़ी शरीफ क्षेत्र में मुसलमानों के लिये विशेष आईटी पार्क बनाया जा रहा है। फॉक्सकॉन कंपनी हमारे यहां और विस्तार करने की तैयारी कर रही है, पूरा होने पर दो से तीन लाख लोगों को नौकरी मिलेगी। आप सबिता इंद्र रेड्डी को भारी बहुमत से जितायें।

मुख्यमंत्री ने वर्षा की परवाह किये बिना प्रजा आशीर्वाद सभा में आये लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि सबितम्मा की जीत निश्चित है, क्योकि लोग भारी संख्या में आशीर्वाद सभा में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सबितम्मा एक ऐसी शख्स हैं जो हर दिन लोगों के साथ रहती हैं। उन्हें राजनीति और सार्वजनिक जीवन में लंबा अनुभव है। सार्वजनिक सेवा के अलावा उनका कोई दूसरा पेशा नहीं है। साबितम्मा से मिलने वाले लोगों के काम तुरंत हो जायेंगे। सबितम्मा ने एक हजार करोड़ रुपये से हैदराबाद शहर के आसपास के इलाकों में नाला विकास कार्यक्रम चलाया। सबितम्मा की पहल से 100 करोड़ रुपये की लागत से बदांग पेटा, मीर पेटा, जल पल्ली आदि में नहरों और तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया है। हैदराबाद के महेश्वरम, कुथबुल्लापुर, सेरिलिंगमपल्ली, राजेंद्र नगर और पूरे




उपनगरीय क्षेत्र में पीने के पानी की बहुत समस्या है।

केसीआर ने कहा कि सबितम्मा के निर्देशन में 670 करोड़ रुपये की लागत से शहर के सभी उपनगरों में पेयजल की समस्या का समाधान किया गया। विशेष रूप से बाहरी रिंग रोड के आसपास पाइप लाइन का काम पूरा हो जाये, तो महेश्वरम के साथ-साथ अन्य उपनगरीय क्षेत्रों में मीठे पानी की समस्या हमेशा के लिये हल हो जाएगी। सबितम्मा ने डिग्री कॉलेज और लॉ कॉलेज की स्थापना की। कंदुकुरु में मेडिकल कॉलेज की स्थापना सबिता इंद्रा रेड्डी और रंजीत रेड्डी की जिद के कारण ही संभव हो सका है। मेडिकल कॉलेज से 500 बिस्तरों वाला अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल कॉलेज जुड़ेगा, इससे कंदुकुर एक अच्छा विकास केंद्र बन जाएगा।

सबितम्मा ने कैबिनेट बैठक में इस बात पर जोर दिया कि मेट्रो कंदुकुर तक आनी चाहिये। उन्हें महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र से बहुत प्यार है। केसीआर ने कहा कि हमारी बीआरएस सरकार की विशेष पहल से, तुक्कुगुडा में 52 नये उद्योग आये हैं। जिला समाहरणालय भी पास में ही है। उद्योगों की स्थापना, बुनियादी ढांचे में सुधार, सड़कों और पेयजल कार्यों के विकास के लिए सबितम्मा ने भरपूर प्रयास किया है। सबितम्मा एक आम कार्यकर्ता की तरह काम करती हैं। मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र और हैदराबाद का बहुत ही विनम्र, सम्मानजनक और व्यवस्थित तरीके से विकास कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरएस सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले कल्याण कार्य शुरू किये। गरीबों के लिए पेंशन सबसे पहले एक हजार रुपये से शुरू की गई थी। हमने इसे दो हजार किया, चुनाव के बाद हम पेंशन बढ़ाकर पांच हजार करने जा रहे हैं। राज्य में कृषि के स्थिरीकरण के लिये उचित कदम उठाये गये हैं, ताकि किसानों का भला हो। हमारी बीआरएस सरकार ने पहली सिंचाई योजना का बकाया पूरी तरह माफ कर दिया है और इसे स्थायी रूप से रद्द कर दिया है। हम 24 घंटे निर्बाध मुफ्त बिजली प्रदान कर रहे हैं। बीआरएस सरकार किसानों को निवेश सहायता के रूप में नियमित रूप से रायतु बंधु देती है। केसीआर, बीआरएस ने रायतु बंधु को जन्म दिया। किसान की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों की सहायता के लिए पांच लाख रुपये की बीमा सुविधा प्रदान की है। किसानों द्वारा उगाये गये अनाज की खरीद उनसे की जाती है और उन्हें पैसा दिया जाता है। हमारी बीआरएस सरकार द्वारा उठाये गये किसान कल्याण योजनाओं के कारण, तेलंगाना के किसानों का चेहरा उज्ज्वल हो रहा है। अगर हम कुछ और वर्षों तक किसान कल्याण योजनायें जारी रखेंगे तो किसानों को कुछ भी देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

केसीआर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी कहते हैं कि रायतुबंधु बेकार है, लेकिन केसीआर वही करते हैं जो लोग चाहते हैं।

# मास्टरप्लान - 2041 की अंतिम रूपरेखा बनाने में जुटा यूपीसीडा

**लीडा के यूपीसीडा में विलय के बाद लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए योगी सरकार कर रही प्रयास**

**लखनऊ।** लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण का उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा ) में विलय होने के बाद योगी सरकार विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से मास्टर प्लान - 2041 को तैयार करने में जुटी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की बैठक में मास्टरप्लान - 2041 की अंतिम रूपरेखा बन गई है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के निर्देशन में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) की देखरेख में इसे तैयार किया जा रहा है। सीईओ ने इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के विशेष सचिव व यूपीसीडा के एसीईओ शशांक त्रिपाठी को सौंपी है। इस मास्टर प्लान के अंतर्गत लखनऊ के आस-पास के आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। साथ ही उन्नाव में औद्योगिक एवं संस्थागत विकास को भी यह मास्टर प्लान बढ़ावा देगा। आने वाले समय में लखनऊ क्षेत्र प्रदेश का औद्योगिक गढ़ बनकर उभरेगा। जिसका फायदा कानपुर -उन्नाव को भी होगा। लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण (लीडा ) का गठन 2005 में किया गया था। लेकिन अधिसूचित लखनऊ के 45 व उन्नाव 39 गांवों की विकास यात्रा में प्राधिकरण कभी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाया। यही कारण रहा कि 2021 में इसका यूपीसीडा में विलय कर दिया गया। लखनऊ में इसका क्षेत्र बिजनौर, नटकुर, कुरौनी जैतिखेड़ा से शुरू होकर लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ उन्नाव के आजाद चौराहा तक 299 वर्ग किमी है। यहां आवासीय व व्यावसायिक सुविधायुक्त टाउनशिप, आईटीबीपी, आपदा प्रबंधन और फॉरेंसिक साइंस इंस्टिट्यूट के कैंपस, वेयरहाउसिंग के प्रोजेक्ट आदि आ रहे हैं।

### इस बेल्ट में शामिल हैं कई परियोजनाएं

लखनऊ का सरोजनीनगर : बीजी लिंक इंफ्रा, जिमी गार्डन, संतुष्टि इन्क्लेव, निरपुरिया इंटरप्राइजेज, अलकनंदा इंफ्रा, अमृत कौर, शिवशंकर भार्गव, नानक लॉजिस्टिक्स, कैप्टन मनोज वासन, केजे इंटरप्राइजेज, जुगल किशोर, सेज सिटी, हिमवीर सहकारी, कृष्णा कोलोनाइजर, फीनिक्स इंफ्रा।
बिजनौर : एल्डिको हाउसिंग, पार्थ इंफ्रा, जीएसआर बिल्डर।
उन्नाव : विवेक लधानी, जयराम जालान, रेशम रूसन इंडिया।

# लैब में बने हीरे की कीमतों में तेज गिरावट

नयी दिल्ली। पिछले आठ साल में डायमंड उद्योग में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। प्रयोगशाला में तैयार होने वाले हीरे यानी लैब-ग्रोन डायमंड (एलजीडी) की कीमत बहुत तेजी से गिरी है। इस गिरावट के कारण इस सेक्टर में हुआ निवेश खतरे में पड़ गया है।

पहली बार जब वाणिज्यिक रूप से एलजीडी सामने आए थे, तब इन्हें प्राकृतिक हीरे की तुलना में पर्यावरण की दृष्टि से ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना गया था। 2016 में 1-कैरेट कृत्रिम हीरे की कीमत प्राकृतिक हीरे की तुलना में बमुश्किल 10 प्रतिशत कम थी। हालांकि 2022 के अंत तक अलग-अलग मैन्यूफैक्चररों के हिसाब से इनकी कीमतों में अंतर 80 प्रतिशत तक हो गया है।

एनालिस्ट पॉल जिमनिस्की और बेन एंड कंपनी के तीन दशक तक चले एक अध्ययन में पता चला है कि पिछले छह साल में एलजीडी की लागत 74 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि हल्के उतार-चढ़ाव के साथ लंबी अवधि में प्राकृतिक हीरे की कीमतों में औसतन सालाना 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्राकृतिक हीरे में किए गए निवेश की कीमत और इनकी सस्टेनेबिलिटी को लेकर नैचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) की %डायमंड फैक्ट्स% रिपोर्ट में तस्वीर स्पष्ट की गई है। इस व्यापक रिपोर्ट में डायमंड इंडस्ट्री से जुड़े भ्रमों को दूर किया गया है और यह भी दिखाया गया है कि कैसे सदियों में प्राकृतिक हीरे ने खुद को साबित किया है और ग्राहकों के लिए बेहतर विकल्प साबित हुआ है।

पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित होने को लेकर एलजीडी से जुड़े कथित अप्रमाणित दावों ने कीमतों में अंतर को बढ़ाया है। इन हीरों को बनाने में कुछ हफ्ते का समय लगता है। इस प्रक्रिया में बहुत ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है।

इन्हें तैयार करने के लिए जिस तापमान की आवश्यकता होती है, वह सूरज की सतह के करीब 20 प्रतिशत के बराबर होता है।

# डीफपेक के खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध : वैष्णव

नयी दिल्ली। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीपफेक से उत्पन्न मुद्दों पर हितधारकों के साथ चर्चा में डीपफेक को दुनिया भर में लोकतंत्र और सामाजिक संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा बताते हुये आज कहा कि भारत सरकार प्रौद्योगिकी का उपयोगकर और सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देकर डीपफेक के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

वैष्णव ने इस दौरान कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने समय-समय पर सोशल मीडिया मध्यस्थों को डीपफेक के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से डीपफेक सामग्री के प्रसार ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है।

वैष्णव ने डीपफेक पर प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर शिक्षा जगत, उद्योग निकायों और सोशल मीडिया कंपनियों (फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सएप, टेलीग्राम, कू, स्नैपचैट आदि) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि सरकार, शिक्षा जगत, सोशल मीडिया कंपनियां और नॉसकॉम संयुक्त रूप से डीपफेक का जवाब देने की दिशा में काम करेंगे। इस बात पर भी सहमति हुई कि अगले 10 दिनों के भीतर कार्रवाई योग्य बिन्दुओं की पहचान की जाएगी। ऐसी सामग्री पोस्ट करने से पहले और बाद में डीपफेक सामग्री का पता लगाया जाना चाहिए। डीपफेक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए एक प्रभावी तंत्र होना चाहिए।

# दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार में भारत के ज्वार-बाजरा उत्पादों का शोर, इंडोनेशिया में 5 दिवसीय 'मिलेट मेला'

जकार्ता (इंडोनेशिया)। मिलेट यानीृ ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना कर भोजन में जलवायु-अनुकूल अनाज को प्रोत्साहित करने करने के लिए दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ (आसियान ) के लिए भारतीय मिशन ने कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर बुधवार को यहां इंडोनेशिया की राजधानी में आसियान-भारत मिलेट्स फेस्टिवल ( ज्वार-बाजरा उत्पाद महोत्सव) का आयोजन किया है।

इस पांच दिवसीय महोत्सव में भारत के कई स्टार्ट-अप, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निर्यातक और बाजरा उद्यमी भाग ले रहे हैं।

इस उत्सव का उद्देश्य ज्वार-बाजरा, जिसे भारत ने श्री अन्ना कहा जाता है, उसके गुणों और उपयोगिता के बारे में जागरूकता पैदा करना और




इसे भोजन के पसंदीदा पसंदीदा भोजन विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है। आसियान में भारत के राजदूत जयंत खोबरागड़े ने यहां विशेष रूप से आयोजित भारतीय नृत्य और संगीत कार्यक्रम के बीच महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 7 सितंबर को आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसमें अपनाए गए संयुक्त बयानों में से एक खाद्य सुरक्षा पर था, और देखिए, उसके बाद दो महीने में ही हम बाजरा उत्सव मना रहे हैं जिसमें खाद्य सुरक्षा का विषय भी शामिल है । यह दर्शाता है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी कितने प्रभावी ढंग से काम कर रही है।,

उद्घाटन समारोह में इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खाद्य एजेंसी के प्रतिनिधि एरीफ प्रासेत्यो आदि ने कहा कि आसियान-भारत मिलेट्स महोत्सव पोषण और पर्यावरणीय दशाओं से लेकर आर्थिक विकास तक ज्वार-बाजरा श्रेणी के उत्पादों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा, चूंकि मिलेट्स कोई एक एकल फसल नहीं हैं बल्कि और बहुत ही विविधता वाली विभिन्न फसलों का एक समूह है, जिसमें एक सामान्य विशेषता है कि ये फसले जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में सहायक, कृषकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी स्वस्थ फसल हैं, ज्वार-बाजार श्रेणी की फसलों की खेती दुनिया भर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान कर सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में ज्वार-बाजार के बाजार में काम कर रहे भारतीय उद्यमियों के अलावा, कई इंडोनेशियाई फर्मों ने भी भाग लिया है। उनके स्टालों पर बाजरा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है।

# निर्यात सबसे तेजी से बढ़ रहा है : पीएचडी चैंबर

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग जगत 2023 तक दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर विचार कर रहा है क्योंकि कोविड के बाद भारत के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भारत की उभरती निर्यात गतिशीलता पर पीएचडी रिसर्च ब्यूरो, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आज जारी में कहा गया है कि 2021 और 2022 के दौरान निर्यात की वृद्धि क्रमश: 20 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत थी।

संगठन ने कहा कि देश 20 प्रमुख निर्यातकों के बीच किये गये सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गयी है। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने यहां जारी प्रेस बयान में कहा कि सरकार की गतिशील नीति के साथ-साथ निर्यातकों के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने के प्रयासों से निर्यात में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से मजबूत वापसी के बाद पिछले कुछ महीनों के दौरान निर्यात की गति धीमी हो गई थी, हालांकि, अक्टूबर 2023 में निर्यात बढ़ने से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में एक संक्षिप्त मंदी के बाद महत्वपूर्ण पुनरुद्धार के संकेत दिखाई दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान निर्यात में काफी तेजी आई है, जो वित्त वर्ष 2011 में 375 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 770 अरब डॉलर हो गया है।

अवधि, गतिशीलता, विकेंद्रीकरण, दिशा और आपदा प्रूफिंग के पांच प्रमुख तत्वों के साथ भारत की नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 की शुरूआत का उद्देश्य निर्यातकों के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।

संगठन के कार्यकारी निदेशक डॉ. रणजीत मेहता ने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार और इसके विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आधार पर विचार करते हुए भारत के निर्यात को बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा कि एफटीपी 2023 का उद्देश्य प्रत्येक राज्य को वैश्विक व्यापार के साथ एकीकृत करने में सक्षम बनाने के लिए प्रचार और विकास करके वैश्विक बाजारों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है, जो भारत के 'आत्मनिर्भर' बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप एक कदम है।

उन्होंने कहा कि टोगो, नीदरलैंड, ब्राजील, इज़राइल, इंडोनेशिया, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब और बेल्जियम जैसे उभरते उच्च विकास गंतव्य और चीनी एवं मिष्ठान्न, खनिज ईंधन और तेल, एल्यूमीनियम और अन्य वस्तुयें, अकार्बनिक रसायन जैसे उच्च विकास निर्यात वस्तुएं है। जहाज, रबर और ऑप्टिकल, फोटोग्राफिक, चिकित्सा उपकरण भारत की निर्यात वृद्धि को नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 10 निर्यात स्थलों ने पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 औसत) के दौरान लगातार वृद्धि देखी है, जिसमें टोगो (73प्रतिशत), नीदरलैंड (36प्रतिशत), ब्राजील (28प्रतिशत), इज़राइल (27प्रतिशत) शामिल हैं।

# कोयला उत्खनन के भारी यंत्र उपकरणों के देश में बनाने को प्रोत्साहन की सिफारिश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारी मशीनरी के घरेलू विनिर्माण पर एक उच्च स्तरीय समिति ने कोयला मंत्रालय को सौंपी गयी रिपोर्ट में कोल इंडिया लि. (सीआईएल) के मौजूदा उपकरण मानकीकरण प्रयास के अनुरूप, कैप्टिव/वाणिज्यिक खदान ऑपरेटरों एमडीओ/आउटसोर्सिंग ठेकेदारों और विभागीय उपकरणों के लिए घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने हेतु उपकरणों के मानकीकरण की सिफारिश की है।

कोयला मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सीआईएल के निदेशक (तकनीकी) की अध्यक्षता में एक अंत:विषय उच्च-स्तरीय समिति का गठन हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) और हाई वॉल माइनर्स, मानक तथा कम क्षमता वाले खनिक एवं संबंधित सहायक उपकरण सहित भूमिगत खनन उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें प्रदान करने के लिये किया गया था।

रिपोर्ट में निविदा शर्तों में मेक इन इंडिया मिशन का समर्थन करने के लिए स्वदेशी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिये। इसके अलावा, मेक इन इंडिया पहल के तहत पांच साल के लिये भारत में उपकरण डिजाइन करने, विकसित करने और बनाने के लिए निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक योजना का भी सुझाव दिया गया है।

यह अनुमान है कि कोयला 2030 के बाद भी प्रमुख ऊर्जा स्रोत के रूप में बना रहेगा। इस प्रकार, समिति को देश में अगले 10 वर्षों में खुली खदानों और भूमिगत खदानों दोनों के लिए उपकरणों की भारी आवश्यकता की उम्मीद थी और उसने अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समिति में भारी उद्योग मंत्रालय, रेल मंत्रालय, एससीसीएल, एनएलसीआईएल, एनटीपीसी, डब्ल्यूबीपीडीसीएल, बीईएमएल, कैटरपिलर, टाटा हिताची, गेनवेल, उद्योग संघ और विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## शार्ट न्यूज

### लक्ष्मी की थिरूमालवलावन पर रोमांचक जीत, सेल ने तमिलनाडु को हराया

कोविलपट्टी। सब जूनियर वर्ग में गुरुवार को खेले गये मैच लक्ष्मी अम्मल ने थिरुमालवलावन हॉकी अकादमी और सेल ने तमिलनाडु को हराया। आज यहां हुए मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमें गोल रहित समाप्त होने के बाद, कविशक्तिबोस 55वें मिनट में अंतिम क्वार्टर में एक फील्ड गोल करके लक्ष्मी अम्मल स्पोर्ट्स अकादमी को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जीत दिला दी। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में सेल हॉकी अकादमी का विजयी अभियान जारी रखते हुए तमिलनाडु हॉकी अकादमी को हराया। सेल हॉकी अकादमी ने तमिलनाडु हॉकी अकादमी को 12-1 से हराया। संदीप लाकड़ा ने ने सेल हॉकी अकादमी को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिसके बाद हस्ती आनंद ने नौवें, 31 वें, 42वें, सुदीप लाकड़ा ने 33 वें, 47वें, रोहित एक्का 53वें, लेल्सन मिंज ने 54 वें, अरबाज खान ने 55वें, और बिशाल कैथा ने 57 वें मिनट में अपनी टीम के लिए गोल दिया। दूसरी ओर थंगागुरु टी 14 वें मिनट ने तमिलनाडु हॉकी अकादमी के लिए सांत्वना गोल किया।

### आईसीसी ने भ्रष्ट आचरण के दोषी मार्लन सैमुअल्स को किया छह साल के लिए प्रतिबंधति

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लन सैमुअल्स को 2019 में अबू धाबी टी-10 के मुकाबले दौरान भ्रष्ट आचरण का दोषी पाए जाने के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूप से छह साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। आईसीसी ने कहा कि एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने सैमुअल्स को चार मामलों में दोषी पाया गया। उन्हें 15 वर्ष पहले भी इसी तरह के अपराध के लिए सजा दी गई थी। आईसीसी के एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला, इस दौरान उन्होंने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया और जानते थे कि भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के तहत उनके दायित्व क्या थे। यद्यपि वह अब रिटायर हो चुके हैं, लेकिन जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स एक प्रतिभागी थे। यह छह साल का प्रतिबंध नियमों को तोड़ने का इरादा रखने वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेगा। इस वर्ष अगस्त में सैमुअल्स को इन अपराधों का दोषी पाया गया। उन्होंने वर्ष 2019 के अबू धाबी टी10 लीग के दौरान भ्रष्टाचार रोधी नियम तोड़े थे। आपको बता दें कि टी10 लीग का चौथा सत्र 2019 में जनवरी-फरवरी के दौरान अबू धाबी में खेला गया था।

### बीबीएल में हिस्सा नहीं लेंगे राशिद खान

एडिलेड। एडिलेड स्ट्राइकर्स खेलने वाले अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान की पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन 13 नहीं खेल पायेंगे। स्ट्राइकर्स ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, राशिद ने पीठ की चोट के कारण आगामी केएफसी बीबीएल 13 से नाम वापस ले लिया है। उन्हें एक छोटी सर्जरी की आवश्यकता है। स्ट्राइकर्स के क्रिकेट महाप्रबंधक टिम नीलसन ने कहा, राशिद स्ट्राइकर्स के एक प्रिय सदस्य हैं, साथ ही प्रशंसक भी उन्हें काफी पसंद करते हैं। सात साल से वह हमारी टीम के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इसी कारण से इस सीजन उनकी बहुत कमी खलेगी। राशिद को भी एडिलेड और स्ट्राइकर्स से प्यार है और हम जानते हैं कि वह बीबीएल में खेलना कितना पसंद करते हैं। हमें पता है कि दीर्घकालिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके इस चोट का इलाज होना काफी जरूरी है। उन्होंने बार इस महीने की शुरुआत में एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के लिए खेला था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ने 11 विकेट लिये थे। स्ट्राइकर्स ने अभी तक राशिद के स्थान पर किसी और खिलाड़ी की घोषणा नहीं की है लेकिन नीलसन ने कहा कि प्रबंधन विकल्पों पर विचार करेगी और फैसला करेगी। वह 2017 से बीबीएल में खेल रहे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 69 मैचों में 17.51 की औसत और 6.44 की इकॉनमी से 98 विकेट लिए हैं।

### नासा तैयार करता है रोनाल्डो का डाइट प्लान

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने चौंकाने वाला दावा किया है कि स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की डाइट प्लान नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई है। रोनाल्डो अपनी शानदार फिटनेस के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां तक कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने अपनी फिटनेस से क्रिकेटरों की एक पीढ़ी को भी प्रेरित किया है, उन्होंने भी स्टार फुटबॉलर की प्रशंसा की है। कोहली रोनाल्डो को अपना आदर्श मानते हैं और फिटनेस को लेकर उनसे प्रेरित हैं। 38 साल की उम्र में, रोनाल्डो वर्तमान पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ एथलीट और दुनिया के महानतम फुटबॉलर्स में से एक हैं। हालांकि रोनाल्डो पर रमीज की टिप्पणी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। रमीज ने पाकिस्तान के एक न्यूज चैनल से कहा, रोनाल्डो का जो डाइट प्लान है वो नासा के वैज्ञानिकों ने सेट किया है। रमीज का यह बयान एथलीट में फिटनेस को लेकर आया है। रोनाल्डो इस साल अब तक 46 गोल कर चुके हैं और इस दौरान उन्होंने 12 असिस्ट भी किए हैं यानी मौके बनाए हैं। वह मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालंद (48) और बायर्न म्यूनिख के हैरी केन (47) के बाद इस कैलेंडर वर्ष में तीसरे सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

### हजारिका-इलावेनिल 7वें स्थान पर, स्कीट में गनीमत ने कायम रखीं उम्मीदें

दोहा। भारतीय निशानेबाज आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल में बुधवार को कोई पदक नहीं जीत सके और राइफल वर्ग में ह्र्दय हजारिका और इलावेनिल वालारिवान अपने अपने वर्ग में सातवें स्थान पर रहे। युवा स्कीट निशानेबाज गनीमत सेखों ने पहले दिन क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहकर पदक की उम्मीदें बरकरार रखी है। हजारिका ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में 629.4 स्कोर करके आठवां स्थान हासिल किया। फाइनल में उन्होंने 10.6 के साथ आगाज किया और पांच शॉट की पहली सीरिज के बाद 51.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर थे। उनका आठवां शॉट 10 .9 था लेकिन इसके बाद खराब शॉट के कारण वह नीचे खिसक गए। वह 12वें शॉट के बाद छठे स्थान पर पहुंचे लेकिन 13वें और 14वें शॉट पर चूकने से बाहर हो गए। हंगरी के जालान पेकलेर ने स्वर्ण पदक जीता। विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष पाटिल आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश नहीं कर सके और 13वें स्थान पर रहे। ओलंपियन इलावेनिल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में आठवें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचीं। चार साल पहले विश्वकप फाइनल में स्वर्ण जीत चुकीं इलावेनिल 14 शॉट के बाद सातवें स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। पोलैंड की अनेता स्टानकीविज ने स्वर्ण जीता।

### लक्ष्य और किदांबी हार के साथ बाहर, प्रिंयाशु को जापान के केंटा ने हराया

शेनझेन। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत बुधवार यहां सत्र के अंतिम बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चीन मास्टर्स में हारकर बाहर हो गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी सेन को चीन के सातवें वरीय शि युकी से 19-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि श्रीकांत (24वें नंबर के खिलाड़ी) को थाईलैंड के विश्व चैंपियन कुनलावुत विदितसवर्ण से 15-21 21-14 13-21 से पराजय मिली। श्रीकांत विश्व टूर पर लगातार तीसरी बार पहले दौर में बाहर हुए। वह इस सत्र में चार बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचे। सेन और श्रीकांत पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के लिए अगले साल 28 अप्रैल तक शीर्ष 16 में रहने की कोशिश में जुटे हैं। युवा भारतीय प्रिंयाशु राजावत भी हार गए। उन्हें जापान के केंटा निशिमोतो से 46 मिनट में 17-21 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय टीम ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते



बैंकाक। एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ कुल नौ पदक हासिल किये है। थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में बुधवार को हुई चैंपियनशिप में दुनिया में पांचवीं वरीयता वाले भारत के राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। राकेश और सूरज सिंह ने पुरूषों के कंपाउंड वर्ग में चीनी ताइपै के पुंग हुंग वू और चिह चियांग चांग को 147.144 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीता। राकेश ने शीतल देवी के साथ इंडोनेशिया के टी आडी आयुडिया फेरेली और केन एस को 154.149 से हराकर मिश्रित टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। वहीं महिला कंपाउंड ओपन टीम में शीतल और ज्योति ने कोरिया की जिन यंग जियोंग और ना मि चोइ को 148.137 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। भारत ने महिला रिकर्व टीम फाइनल, पुरूष रिकर्व युगल, पुरूष रिकर्व डब्ल्यूवन युगल में रजत पदक जीता।

सरिता ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य जीता। चैम्पियनशिप में भारत नौ पदकों साथ शीर्ष पर रहा वहीं दक्षिण कोरिया की टीम तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर दूसरे स्थान पर रही।

## मोदी ने भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन पर गुरुवार को भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत! भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके शानदार प्रदर्शन और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए बधाई! तीरंदाजी टीम ने चैम्पियनशिप में अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुल नौ पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। वे हमें सदैव गौरवान्वित करते रहें। मोदी ने अपनी पोस्ट के साथ पदक विजेता भारतीय टीम की फोटो भी साझा की।

## सिन्हा ने एशियाई पैरा तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के पैरा तीरंदाजों को दी बधाई

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में शानदार प्रदर्शन करने वाले केंद्र शासित प्रदेश के पैरा तीरंदाजों को बधाई दी है। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, क्या अविश्वसनीय उपलब्धि है! जम्मू-कश्मीर के पैरा तीरंदाजों ने इतिहास रचा और थाईलैंड में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित छह पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमारे तीरंदाजों का लगातार प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहन और लगन को दर्शाता है। एशियाई पैरा खेलों में सराहनीय उपलब्धि के बाद शीतल, राकेश और सरिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन खेल भावना की सच्ची भावना का उदाहरण है। यह एक नये खेल युग की शुरुआत है। सभी एथलीटों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। पैरा तीरंदाज- शीतल देवी, राकेश कुमार और सरिता को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कटरा में प्रशिक्षित किया जाता है।

## डेविस कप जीतकर सत्र का समापन करना चाहता हूं : जोकोविच

मैड्रिड। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि वह स्पेन के मलागा में सर्बिया को डेविस कप दिलाकर सत्र का समापन करना चाहते हैं।

ट्यूरिन में एटीपी फाइनल जीतने के बाद जोकोविच ने मलागा के लिए उड़ान भरी और बुधवार को कहा कि वह अच्छे आराम से पहले 'एक आखिरी धक्के' की तलाश में है।

ब्रिटेन के साथ सर्बिया के क्वार्टर फाइनल की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, यह सत्र का आखिरी सप्ताह है। मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि मैं अच्छा टेनिस खेल रहा हूं।

उन्होंने कहा, ट्यूरिन में 'एटीपी फाइनल में' अपने प्रदर्शन से मैं ज्यादा खुश नहीं हो सकता।

मैं एक बार फिर यहां आकर आभारी हूं। यह सत्र के मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था और जाहिर तौर पर मैं यहां जीतने के लिए हूं। जोकोविच ने कहा कि ब्रिटिश टीम का नेतृत्व करने वाले ' कैमरून नोरी' जैसे बाएं हाथ के साथी को ढूंढना मुश्किल था और उन्होंने इस ओर ध्यान दिलाया कि एंडी मरे के बिना भी ब्रिटेन 'एक महान टीम' है, क्योंकि युगल में 'उनके पास एक चुनने के लिए बहुत कुछ' है।

उन्होंने कहा, हमारे पास कोई युगल विशेषज्ञ नहीं है, इसलिए हम एकल पर निर्भर हैं, लेकिन अगर हम युगल तक पहुंचते हैं तो हमारे पास कई संयोजन होंगे और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

इस साल तीन ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच गुरुवार को डेविस कप फाइनल के आखिरी क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ मुकाबले में सर्बिया का नेतृत्व करेंगे।

## गढ़वाल की प्रोटेक्टर पर संघर्षपूर्ण जीत

नयी दिल्ली। शहीद भगत सिंह फुटबाल टूर्नामेंट की विजेता गढ़वाल हीरोज को गुरुवार को डीएसए प्रीमियर लीग के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सीआईएसएफ प्रोटेक्टर पर 2-1 की जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद गढ़वाल ने अजीत टॉम और प्लेयर ऑफ द मैच सुमित घोष के शानदार गोल से टीम 2-1 से जीत पाई। प्रोटेक्टर टीम की ओर से राजदीप ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली एफसी को तरुण संघा ने 3- 3 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। लीग की हल्की टीमों में शामिल तरुणसंघा ने नामी दिल्ली एफसी को तब हैरान परेशान किया जब बोनीसन के दो और प्रहलाद के एक गोल से उसने 3- 1 से बढ़त बना ली।

## नामीबिया के हाथों जिम्बाब्वे की हार 'शर्मनाक'

### हॉटन ने कहा, जब आप पूछते हैं कि क्या गलत हुआ, जहां तक मेरा सवाल है, हमने सब कुछ गलत पाया

एजेंसी

विंडहोक। जिम्बाब्वे के मुख्य कोच डेव हॉटन ने पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्वालीफायर के शुरुआती मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी टीम की हार को 'शर्मनाक और 'सबसे खराब खेलों में से एक' करार दिया हैं।

हॉटन ने कहा, जब आप पूछते हैं कि क्या गलत हुआ, जहां तक मेरा सवाल है, हमने सब कुछ गलत पाया। उन्होंने कहा, हम आज यह भयानक था, शर्मनाक रूप से खराब। यह शायद सबसे खराब खेलों में से एक है जिसके साथ मैं जिम्बाब्वे की जर्सी में जुड़ा हूं।

उन्होंने कहा, ऐसा क्यों होता है मुझे बिल्कुल पता नहीं है। हम कड़ा अभ्यास करते हैं, हम विशिष्टताओं के साथ अभ्यास करते हैं। हम लोगों ने



वास्तव में कड़ी मेहनत की, टीम के पास इस खेल में आने के लिए पर्याप्त ऊर्जा थी, लेकिन हमने खराब बल्लेबाजी, उसके बाद खराब गेंदबाजी की और हमारी फील्डिंग औसत खराब रही।

उन्होंने कहा, यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन मेरा सबसे अच्छा दिन नहीं है और निश्चित रूप से मेरा सबसे खुशी का दिन नहीं है। वास्तव में, मुझे लगता है कि हमें यहां अपने प्रशंसकों से माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत खराब है, लेकिन हम जानते हैं कि हमें क्वालीफाई के लिए अगले पांच मैच जीतने होंगे।

नामीबिया को विस्फोटक शुरुआत से मदद मिली, जिसमें सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन और निकोलास डेविन ने सिर्फ 48 गेंदों में 88 रन जोड़े।

विंडहोक के वांडरर्स क्रिकेट ग्राउंड में जिम्बाब्वे को आठ विकेट पर 132 रन पर रोकने के बाद नामीबिया ने 32 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से जीत हासिल की।

क्वालीफायर में अन्य टीमें केन्या, नाइजीरिया, रवांडा, युगांडा और गुरुवार को जिम्बाब्वे का तंजानिया से मुकाबला हैं।

# पृथ्वी को अंतरिक्ष से मिला पहला लेजर मैसेज

### 50 सेकेंड में रिसीव हुआ, इससे नई तकनीके बनाकर भविष्य में दूसरे ग्रहों पर फोटो-वीडियो भेज सकेंगे

पृथ्वी को पहली बार अंतरिक्ष से लेजर मैसेज मिला है। ये मैसेज 16 मिलियन किलोमीटर (10 मिलियन मील) की दूरी से पृथ्वी पर भेजा गया। मैसेज को रिसीव करने में सिर्फ 50 सेकेंड लगे। अमेरिका स्पेस एजेंसी NASA ने कहा- ये मैसेज अंतरिक्ष में मौजूद हमारे Psyche स्पेसक्राफ्ट से भेजा गया जो 50 सेकेंड में पृथ्वी पर रिसीव हुआ। हम काफी समय से रेडियो सिग्नल का इस्तेमाल करके स्पेसक्राफ्ट के साथ कम्युनिकेशन स्थापित करते हैं, लेकिन अब तक एजेंसी ने पहले कभी भी इतनी दूर से अंतरिक्ष में लेजर का उपयोग करके जानकारी ना ही भेजी और ना रिसीव की थी। ये पहली बार है जब हमें लेजर मैसेज मिला है।

नासा के अधिकारी टर्डी कोर्टिस के मुताबिक, इस अचीवमेंट से स्पेस में कम्युनिकेशन को बेहतर करने का रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा- इससे हम वो तकनीक इजात कर पाएंगे जिससे भविष्य में दूसरे ग्रहों पर साइंटिफिक जानकारी, फोटो और वीडियो भेजे जा सकें।



### 13 अक्टूबर को लॉन्च हुआ था Psyche स्पेसक्राफ्ट

Psyche स्पेसक्राफ्ट को 13 अक्टूबर को फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। इस एक्सपेरिमेंट के लिए डीप स्पेस ऑप्टिकल कम्युनिकेशंस सिस्टम का इस्तेमाल किया गया। ये DSOC सिस्टम Psyche स्पेसक्राफ्ट पर लगाया गया था। इस सिस्टम का इस्तेमाल लेजर-बीम मैसेज को पृथ्वी पर वापस भेजने के लिए किया जाता है।

### लेजर मैसेज रिसीव करना बड़ी उपलब्धी

वर्तमान समय में डीप स्पेस में स्पेसक्राफ्ट के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए पृथ्वी पर बड़े एंटिना लगाए जाते हैं। इन एंटिना से मैसेज भेजे और रिसीव करने के लिए रेडियो सिग्नल का उपयोग किया जाता है। लेकिन उनकी बैंडविड्थ सीमित होती है। इस एक्सपेरिमेंट के बाद अब NASA रेडियो सिग्नल की बजाय लाइट का इस्तेमाल करके पृथ्वी और स्पेसक्राफ्ट के बीच संपर्क स्थारित कर सकता है। इसी लाइट या लेजर के माध्याम मैसेज भेजा और रिसीव किए जा सकते हैं। नासा के मुताबिक, यह सिस्टम अभी इस्तेमाल हो रही स्पेस कम्युनिकेशन डिवाइस की तुलना में 10 से 100 गुना ज्यादा तेजी से इंफॉर्मेशन को भेज सकता है।

### 14 नवंबर को रिसीव हुआ था मैसेज

नासा ने बताया कि 14 नवंबर को Psyche स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया में पालोमर ऑब्जर्वेटरी में हेल टेलिस्कोप के साथ एक कम्युनिकेशन लिंक स्थापित किया। इस कम्युनिकेशन लिंक के सफल प्रयोग को फर्स्ट लाइट नाम दिया गया है। इस दौरान DSOC के नियर-इंफ्रारेड फोटॉन को Psyche से पृथ्वी तक यात्रा करने में लगभग 50 सेकंड का समय लगा। इस टेस्ट के दौरान डेटा को 'क्लोजिग द लिंक' तकनीक के तहत अपलिंक और डाउनलिंक लेजर के माध्यम से भेजा गया था।

## नाटो यूरोप में उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की कर रहा तैयारी : चेक राष्ट्रपति

मॉस्को। चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा कि चेक गणराज्य सहित सभी नाटो सदस्य रूस को सबसे बड़ा सैन्य खतरा मानते हैं और यूरोप में संभावित उच्च तीव्रता वाले संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। चेक गणराज्य, पोलैंड, स्लोवाकिया और हंगरी के सांस्कृतिक और राजनीतिक गठबंधन, विसेग्राड ग्रुप के देश, बुधवार को प्राग कैसल में वी फोर नेताओं की बैठक के लिए एकत्र हुए। श्री पावेल ने वी फोर नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, न केवल चेक गणराज्य बल्कि सभी नाटो सदस्य रूस को यूरोप के लिए खतरा मानते हैं। इसका मतलब है कि यथार्थवादी परिस्थितियों में ऐसे युद्ध के लिए तैयारी करने की आवश्यकता है, सभी [नाटो] सेनाएं संभावित युद्ध की तैयारी कर रही हैं। यूरोप में उच्च तीव्रता वाला संघर्ष। साथ ही, राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो ऐसा विकास नहीं चाहता है और संभावित संघर्ष की भविष्यवाणी एक यथार्थवादी चेतावनी है, ऐसा कुछ नहीं जो घटित होना ही है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया। पश्चिमी देशों ने मॉस्को के खिलाफ व्यापक प्रतिबंध लगाकर जवाब दिया, साथ ही कीव के लिए अपना सैन्य समर्थन भी बढ़ाया।रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल तब से कई दौर की शांति वार्ता में लगे हुए हैं, लेकिन वार्ता अंततः गतिरोध पर पहुंच गई।

## आईडीएफ ने अल-शिफा अस्पताल के निदेशक, अन्य डॉक्टरों को किया गिरफ्तार

गाजा पट्टी 23 नवंबर (वार्ता) इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी के सबसे बड़े मेडिकल कॉम्प्लेक्स अल-शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया और कुछ अन्य डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल के एक डॉक्टर और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। 'अल जजीरा' चैनल ने रिपोर्ट में बताया कि अल शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ सेल्मिया, कई अन्य 'वरिष्ठ डॉक्टरों', अस्पताल के एक विभाग प्रमुख खालिद अबू समरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनकी सभी गिरफ्तारी की रिपोर्ट इज़रायली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी द्वारा दी है। इसके अलावा अस्पताल निदेशक सेलेम्या के चचेरे भाई अधम अबू सेलेम्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की गई थी। अल जज़ीरा ने दक्षिणी गाजा से रिपोर्टिंग में बताया कि अल-शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के निदेशक डॉ. सेल्मिया को इजरायली कब्जे वाली सेना ने गिरफ्तार कर लिया है और इससे पहले भी, दो फ़िलिस्तीनी पैरामेडिक्स को आईडीएफ ने गिरफ्तार किया था। यह स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है कि गाजा पट्टी के अंदर कोई सुरक्षित नहीं है। गाजा में न ही चिकित्साकर्मी, नागरिक सुरक्षा दल या यहां तक कि पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। हमले आम नागरिक ठिकानों पर भी हो रहे है।

## 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया

वेस्ट बैंक। इजरायली सुरक्षा बलों ने बुधवार रात उनके कब्जे वाले वेस्ट बैंक से कम से कम 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 36 कल्किल्या के अज्जुन गाँव और अर्रूब शरणार्थी शिविर के लोग शामिल हैं। फ़िलिस्तीनी कैदी सोसायटी ने यह जानकारी साझा की है। उसने कहा कि आईडीएफ ने कल रात जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें पूर्व कैदी भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सात अक्टूबर से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 3,130 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलीस्तीन का इस्लामिक चरमपंथी समूह हमास के पिछले महीने सात अक्टूबर को इजरायल पर रॉकेट से भारी बमबारी की थी और इजरायल के नागरिकों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे। इजरायल की ओर से इसी हमास के हमलों का करार जावब दिया गया और आईडीएफ ने हवाई और जमीनी हमलों से गाजा पट्टी में स्थित हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाकर निस्तेनाबूत कर दिया है। इस युद्ध में दोनों पक्षों को काफी नुकसान हुआ है। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने इजरायल-हमास की जंग में मारे गए फलस्तीनियों की विस्तृत जानकारी के साथ गणना फिर से शुरू कर दी है।

# पन्नू को मारने की साजिश की जांच करेगा भारत

### विदेश मंत्रालय बोला- अमेरिका के आरोप गंभीर, ये हमारी सुरक्षा के लिए भी खतरा

अमेरिका ने भारत पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के आरोप लगाए हैं। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और दूसरे लोगों के बीच की कड़ी की जांच कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा- भारत ऐसे इनपुट्स को बहुत गंभीरता से लेता है, क्योंकि ये हमारे सुरक्षा हितों को भी खतरे में डाल सकते हैं।

बागची ने कहा- अमेरिकी आरोपों के मामले में विभाग जांच कर रहे हैं। ये मामला दोनों देशों के लिए चिंता का विषय है।

वहीं न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, व्हाइट हाउस ने कहा- अमेरिका अपनी



धरती पर एक सिख अलगाववादी को मारने की साजिश को बहुत गंभीरता से ले रहा है। हमने भारत सरकार में सबसे सीनियर लेवल पर मामले को उठाया है।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट से जुड़े सवाल पर व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता एड्रिन वॉटसन ने कहा- भारतीय अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उन्होंने हमें आश्वस्त किया है कि भारत ऐसी पॉलिसी को बढ़ावा नहीं देता है।

भारत सरकार फिलहाल इस मामले में जांच कर रही है। हम उम्मीद करते हैं कि जो भी इसका जिम्मेदार होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, बुधवार को फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि अमेरिका ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को नाकाम किया था। अमेरिकी सरकार ने भारत के इस साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। साथ ही भारत को चेतावनी जारी की। हालांकि, यह मामला कब का है रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है।

## जवानों के लिए कार्यक्रम दे रहीं रूसी अभिनेत्री यूक्रेनी हमले में मारी गयीं

मास्को। रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रहीं अभिनेत्री पोलिना मेन्शिख की यूक्रेन के हमले में निधन हो गया है। अभिनेत्री रूस अधिकृत यूक्रेन के क्षेत्र के एक डांस हॉल में 19 नवंर को 'रूसी सैन्य अवकाश' मनाने के लिए एक शो कार्यक्रम पेश कर रही थीं। इस दौरान हुए हमले में वह घायल हो गयीं और बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, 19 नवंबर को हमले के दौरान मेन्शिख रूसी सैन्यों के लिए प्रस्तुति दे रही थीं। हमले के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है, जिसमें अभिनेत्री मंच पर गाते और गिटार बजाती हुई दिखाई देती हैं। उसी दौरान एक विस्फोट हुआ और हॉल की रोशनी बुझ जाती है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित

संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के 142 करोड़ की आबादी ने किए एक नए भारत के दर्शन : योगी

## यह एक भारत और श्रेष्ठ भारत है, जो विकास के साथ गरीब कल्याणकारी योजनाओं को भी प्रभावी ढंग से करता है लागू : सीएम योगी

मथुरा। रेलवे ग्राउंड में चल रहे ब्रजरज उत्सव 2023 में शिरकत करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीएम योगी आदित्यनाथ ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यहां पर पीएम मोदी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर प्रांगण में मौजूद सभी चार मंदिरों के दर्शन कर पूजन किया। सबसे पहले उन्होंने प्राचीन आदिकेशव भगवान का दर्शन पूजन किया। इसके बाद पीएम ने योगमाया मंदिर में मां योगमाया के दर्शन किए। फिर गर्भगृह में श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजन किया। इसके बाद भागवत भवन में पीएम मोदी ने दर्शन पूजन किया। इस दौरान तीन पंडितों ने उनकी पूजा संपन्न कराई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के सचिव ने एक तस्वीर पीएम मोदी को भेंट की। दर्शन पूजन के बाद पीएम मोदी का काफिला ब्रजरज उत्सव के लिए रवाना हो गए।

मथुरा के रेलवे मैदान में चल रहे ब्रजरज उत्सव में शिरकत करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीएम योगी आदित्यनाथ ने गर्मजोशी के स्वागत अभिनंदन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के 142 करोड़ की आबादी ने एक नए भारत का दर्शन किया है। नए भारत का वैश्विक मंच पर सम्मान बढ़ा है। आज दुनिया में आप कहीं भी जाते हैं तो पूरी दुनिया पलक पावड़े बिछा करके आपका अभिनंदन करती है। ऐसे में 142 करोड़ का भारत अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उनके 9.5 वर्षों में देश की हर समस्या के समाधान को एक मार्ग दिखा करके उसे समाधान तक पहुंचाया गया है। भारत के सर्वांगीण विकास की कार्य योजना 9.5 वर्षों के अंदर बनाना और उसका प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन भी पीएम नेतृत्व में हुआ है। आज भारत एक नए रूप में विकसित भारत की रूपरेखा दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है।



सीएम योगी ने कहा कि यह एक भारत है और श्रेष्ठ भारत भी है। जो विकास भी करता है और गरीब कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू भी करता है। यह नया भारत अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति भी करता है और उनके पुनरुद्धार की कार्य योजनाओं को व्यवस्थित तरीके से बढ़ा करके आने वाली पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा भी प्रस्तुत करता है। काशी विश्वनाथ धाम आपके नेतृत्व में बन करके आज पूरे देश और दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। उत्तराखंड का केदारपुरी एक नए गौरव की अनुभूति करा रहा है। वहीं महाकाल का महालोक हो या फिर हमारी ये ब्रज भूमि। ब्रज भूमि में आपके मार्ग दर्शन और नेतृत्व में मथुरा वृंदावन को नगर निगम का दर्जा देना रहा हो या फिर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से यहां के सभी सात तीर्थों को विकसित करके एक नई कार्य योजना के साथ आगे बढ़ाना। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, नंदगांव, गोवर्धन इन सभी को व्यवस्थित रूप से यहां की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसके विकास के कार्यक्रम को अभियान चलाकर आगे बढ़ाया गया। अपितु वृंदावन क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रख करके बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी यहां पर करने का प्रयास हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों की देन योग को पीएम मोदी ने दुनिया के 190 देशों तक पहुंचाया है। आज योग से दुनिया लाभान्वित हो रही है। पीएम मोदी ने योग को वैश्विक पहचान दिलाई। कुंभ को वैश्विक मान्यता दिलवाई है और अब मथुरा, वृंदावन और यहां के सभी तीर्थ नौ वर्षों से लाभान्वित हो करके इस अभियान का हिस्सा बने हैं। वहीं अयोध्या में हर व्यक्ति जान रहा है, जो कभी नहीं हो सकता है, वो भी पीएम मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को होने जा रहा है।

संत मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी और मेवाड़ की रानी भी थी। वो संत रविदास जी की शिष्या भी थी। वह समता और ममता का प्रतीक भी हैं। वहीं सीएम योगी ने पीएम मोदी को विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार आपके नेतृत्व में न केवल विकास की बल्कि विरासत की इस परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करेगी।

ब्रज रज उत्सव में शिरकत करने पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने संत मीराबाई की 525 वीं जन्मोत्सव के अवसर पर संयुक्त रूप से मीराबाई पर डाक टिकट और 525 रुपये का सिक्का जारी किया।

मीराबाई पर डाक टिकट जारी करने के बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा संत मीराबाई पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। वहीं ब्रज रज उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मीराबाई नृत्य नाटिका में मीरा के कृष्ण प्रेम के विरह को नृत्य से उकेरा। सांसद की नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

# मुहांसों का सबसे बड़ा कारण होता है तनाव



विनीता झा

कहते है चेहरा इंसान के मन की बात बता देता है। वही सुंदर त्वचा चेहरे के सौंदर्य को कई गुना बढ़ा देती है। चमकीली और मुलायम त्वचा तो हर कोई चाहता है, लेकिन अक्सर उम्र बढ़ने के साथ या खराब जीवनशैली के कारण यह अपना आकर्षण खो देती है। त्वचा की कई समस्याएं हैं, लेकिन मुहांसे सबसे ज्यादा लोगों को परेशान करते हैं। त्वचा को प्रभावित करने में मौसम के अलावा तनाव भी मुख्य भूमिका निभाता है। शोध में पाया गया कि आहार और साफ- सफाई के अलावा तनाव भी त्वचा को प्रभावित करता है। कई लोग जो तनावग्रस्त होते हैं उनके मुहांसे और गम्भीर हो जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन किशोरों में परीक्षा का तनाव होता है, उनमें मुहांसे उभरने या उभरे हुए मुहांसे और गम्भीर होने की सम्भावना अधिक होती है। परीक्षा के वक्त किशोरों को चेहरे पर मुहांसे भी उभरने के साथ पक भी जाते है। तनाव से खाज और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। देखा जाए तो त्वचा हमारे मन की स्थिति का आईना होता है। किशोरावस्था में मुंहासे होने का कारण शरीर में होने वाले हार्मोंस से संबंधित बदलाव होते हैं। इसके अलावा इस उम्र में बच्चे तनाव का शिकार भी जल्दी होते हैं। पीयर प्रेशर और हमेशा सुंदर दिखने का दबाव उन पर रहता है।

यही वजह है कि टीनएजर मुंहासे होने पर गहरे तनाव में घिर जाते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर इससे होने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभावों को समझें और जानें। जो माता-पिता बच्चों की इस समस्या को उचित मार्गदर्शन से सही कर सकते हैं उनके बच्चे इस समस्या से उबर सकते हैं। मुंहासे जवानी में भी हो सकते हैं। लगभग 50 प्रतिशत जवान महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुषों को जवानी में यह समस्या निरंतर जकड़े रहती है। कई महिलाएं तो इनके कारण डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं। इन मुंहासे के होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे वातावरण का प्रभाव, शारीरिक और हारमोन्स से संबंधित होने वाले बदलाव वगैरह। जिस समय व्यक्ति तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल हार्मोंस का स्राव बढ़ जाता है जिसके कारण शरीर में त्वचा की ग्रंथियों से सीवम नामक हारमोन का स्राव ज्यादा होने लगता है जिसके कारण मुंहासे होते हैं।

इसके अलावा यह ब्लैक हेड्स और व्हाइट हेड्स होने का भी कारण हो सकता है। अत: तनाव को बेहतर तरीके से हैंडल करना चाहिए। तनाव का प्रभाव शरीर पर न पड़े इसके लिए खुश रहें और पूरा आराम करें। पर्याप्त आराम, एक्सरसाइज और सकारात्मक नजरिए से तनाव पैदा होने वाली तमाम स्थितियों से काफी हद तक बचा जा सकता है।

मुंहासों की समस्या यदि ज्यादा गंभीर होने लगे तो इसके लिए डॉक्टर से परामर्श करें। अपने भोजन और लाइफ स्टाइल में बदलाव करें। रिफाइंड कार्ब्रोहाइड्रेट युक्त आहार व कैफीन मात्रा में लें।

लो-फैट डाइट लें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। मुंहासे की समस्या को देखने का हर व्यक्ति का अपना नजरिया होता है। कुछ लोगों को यह एक बड़ी गंभीर समस्या लगती है उन्हें लगता है कि इससे उनका चेहरा भद्दा लगता है। इन्हें देखकर उन्हें गुस्सा आता है और वे तनावग्रस्त हो जाते है। स्त्री, पुरुष, किसी भी आयु वर्ग के, किसी भी देश के व्यक्ति मुंहासों की जद में आ सकते है।

### ध्यान देने योग्य बातें

दिन में कम से कम चेहरे को तीन बार सादे पानी से धोएं, लेकिन ध्यान रहे साबुन या फेसवॉश का इस्तेमाल दिन में एक बार ही करें, क्योंकि इनके ज्यादा प्रयोग से त्वचा को नुकसान पहुंचता है और वह रूखी हो जाती है।

पिंपल्स जितने अधिक समय तक रहेंगे, दाग उतने ही गहरे होंगे, इसलिए तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों में मुहांसों की समस्या होती है, उनके शरीर में इंसुलिन का स्त्राव औसत से अधिक होता है। इससे बचने के लिए अपने भोजन में काबरेहाइड्रेट और डेयरी उत्पादों का सेवन कम करें।

कुछ अनुसंधानों में यह बात सामने आई है कि अधिक मात्रा में दूध और दुग्ध उत्पादों का सेवन करने से भी मुहांसों की समस्या हो जाती है।

चेहरे को जोर-जोर से न रगड़ें। मुहांसों को दबाएं या फोड़े नहीं। ज्यादा तैलीय, मसालेदार भोजन न खाएं।

चेहरे की त्वचा को साफ रखें। चेहरे पर ऑयल फ्री प्रोडक्ट लगाएं।


# शहीद रामचंद्र मिश्र को दी श्रद्धांजलि




गाजीपुर। भांवरकोल क्षेत्र के रेवसड़ा में गुरुवार को 1971 के भारत-पाक युद्ध मे शहीद हुए रामचंद्र मिश्र का 52 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि 8 गार्ड बटालियन के कर्नल आरपी सालगर व सत्यदेव कॉलेज कालेज के प्रबंधक डॉ सानंद सिंह रहे लेकिन किन्ही विशेष कारणों से दोनों लोगों के अनुपस्तिथि में उनके संस्थान के प्राचार्य डा. रामचंद्र दूबे ने अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना की ओर से आठ गार्ड बटालियन से सूबेदार हरिओम शर्मा, सूबेदार अरविंद कुमार सिंह, वह हवलदार मनोज कुमार मिश्रा शहीद के चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गाजीपुर की धरती वीरो की धरती है इस जिले से सर्वाधिक लोग देश की सेवा में सेना के रूप में है। हमारा क्षेत्र धन्य है कि पंडित रामचंद्र मिश्र जैसे वीर सपूत को जन्म दिया। इस ? मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद राय ने कहा कि अमर शहीद हमारी अमूल्य धरोहर है। इनकी कुर्बानी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने तोरणद्वार के निर्माण के लिए क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से निर्माण का आवाह्न करते हुए अपना अंशदान दिया।

उन्होंने कहा कि निर्माण इस बात की गवाही करेगा कि हम लोग पंडित रामचंद्र मिश्र की शहादत एवं बलिदान को भूले नही है, आगे की पीढियां इस बात को जानेगी कि हमारी मिट्टी से देश की सेवा में एक जवान शहीद हुआ। उन्होंने कहा कि हर शहीद परिवार के घर के सामने शहीद परिवार लिखा जाए। शहीद के परिवार को विशेष परिवार का दर्जा मिले। इस मौके पर सेना के 8 गार्ड के यूनिट के अधिकारी अरविंद सिंह, हरिओम शर्मा एवं मनोज कुमार मिश्र ने सभा मे पहुंचकर अमर शहीद को पुष्प चक्र अर्पित किया एवं शहीद को सलामी दी। श्रद्धांजलि सभा को शहीद की। अंत में कार्यक्रम के संयोजक रामाश्रय मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

# चांदनी सिंह और संजय पांडेय की फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे अगले महीने होगी डबिंग .!



मुम्बई में फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे इनदिनों पोस्ट प्रोडक्शन में है । फ़िल्म की डबिंग अभी बाकी है, इसकी डबिंग का काम एडिटिंग के बाद अगले महीने मुंबई में ही किया जाएगा । फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर के साथ साथ देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार के साथ साथ पहाड़ियों और उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों के आसपास भी की गई है । फ़िल्म एक रोमांटिक कॉमेडी की प्लॉटिंग पर बनी है जिसमें हास्य के साथ साथ रोमांस का तड़का भी भरपूर मात्रा में देखने को मिलने वाला है । फ़िल्म को अगले साल के शुरुआत में रीलीजिंग की तैयारी की जा रही है । इस फ़िल्म में भोजपुरी फ़िल्म जगत में काम करने वाले लगभग सारे हास्य कलाकारों ने एकसाथ काम किया है । इस फ़िल्म का कथानक इतना मजबूत बना है कि फ़िल्म में इतने सारे लोग हैं इसके बावजूद किसी को भी फ़िल्म में कम मौका नहीं मिला है । सबने अपनी क्षमताओं का भरपूर इस्तेमाल किया है और एक स्वस्थ मनोरंजन से भरपूर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म निकलकर जल्द ही सामने आ रही है ।

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा जनपद स्तरीय एक दिवसीय सांस्कृतिक युवा उत्सव का हुआ आयोजन

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद स्तरीय एक दिवसीय साँस्कृतिक युवा उत्सव (प्रतियोगिता) का आयोजन बुधवार को जनपद के एम.एल.के.पी.जी कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक पलटूराम द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम, व महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से जनपद में छिपी प्रतिभाएं आगे निकलती हैं।



कार्यक्रम में एकल लोकगीत, सामुहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, सामुहिक लोकनृत्य, पोस्टर मेकिंग, स्टोरी राइटिंग, भाषण और फोटोग्राफी विधाएँ सम्मिलित थीं जिनमे कई विद्यालयों और अन्य संस्थानों के कलाकारों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी ने विजेता कलाकारों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि जनपद में ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए और इन्हीं कलाकारों के बीच से कोई आगे चलकर जनपद का नाम रोशन करेगा। युवा उत्सव के आयोजक जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उक्त जनपद स्तर की प्रतियोगिता के विजेता कलाकार वृहस्पतिवार को मंडलीय जनपद गोंडा में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता (युवा उत्सव) में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में मांडवी तिवारी, पारिजात त्रिपाठी, विशाल सिंह, आशीष वर्मा और डॉक्टर देवेन्द्र चौहान शामिल रहे। वही युवा कल्याण विभाग से विकास खंड में तैनात क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शक्ति मिश्रा, मनवीर, ज्ञानबाबू तिवारी, स्वाती सिंह, शबाना खातून, श्वेता सिंह, संदीप चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सहयोगी के रूप में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग से पत्रवाहक शांति प्रसाद शुक्ला, पी.आर.डी जवान ठाकुर प्रसाद पांडे, राम प्रकाश पांडे, शेषराम तिवारी सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## लावारिस हालत में मिला ट्राली बैग रेलवे सुलझा बल पोस्ट वाराणसी सिटी को सुपुर्द

वाराणसी। (पी एम ए) रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 21 नवम्बर, 2023 को गाड़ी संख्या 20503 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को सुरेमनपुर- बलिया के मध्य गाड़ी से 01 ट्राली बैग लावारिस हालत में मिला, जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी को सुपुर्द किया गया। 21 नवम्बर,2023 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ स्टाफ को गश्त के दौरान मऊ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 पर यात्री का छूटा एक ट्राली बैग लावारिस हालत में मिला, जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ पर जमा किया गया । यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया । 21 नवम्बर,2023 को उप निरीक्षक/अपराध आसूचना शाखा रेलवे सुरक्षा बल,वाराणसी स्टाफ द्वारा चेकिंग व निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या-20942 से 84 अदद् ब्लू नीर कम्पनी का अमानक पानी की बोतल लावारिस हालत में मिली, जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औड़िहार को सुपुर्द किया गया ।

## अधिवक्ता सुंदरेसन बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

नई दिल्ली। अधिवक्ता सोमशेखर सुंदरसन को बॉम्बे उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति से संबंधित घोषणा गुरुवार को की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने नियुक्ति से संबंधित जानकारी सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद श्री सुंदरेसन को बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री सुंदरेसन की नियुक्ति शीर्ष अदालत की कालेजियम की सिफारिश दोहराए जाने के 10 महीने से अधिक समय बाद की कई। केंद्र सरकार ने पहले उनका नाम इस आधार पर लौटा दिया था कि उन्होंने अदालतों में लंबित मामलों सहित कई मामलों पर सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा किए थे। कॉलेजियम ने सबसे पहले 16 फरवरी 2022 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए श्री सुंदरेशन के नाम की सिफारिश की थी। हालाँकि, सरकार ने 25 नवंबर 2022 को उक्त सिफारिश पर पुनर्विचार करने की मांग की थी। इस साल जनवरी में कॉलेजियम द्वारा सिफारिश दोहराए जाने के बाद केंद्र ने आखिरकार गुरुवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा की।

## भारतीय पेंशनर्स मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन गुजरात में 26 नवंबर को

नई दिल्ली। भारतीय पेंशनर्स मंच का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन 26 नवंबर को गुजरात के भुज में आयोजित किया किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद पाराशर ने गुरुवार को बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन भुज के पथदर्शक पूज्य स्वामी प्रदीप्तानंद जी सरस्वती और अध्यक्षता संस्था के संस्थापक चेयरमैन वी एस यादव करेंगे। अधिवेशन में पेंशन से जुड़ी मस्याओं को विचार-विमर्श किया जाएगा। पेंशनधारियों की मुख्य माँगो में पेंशन को आयकर से मुक्त करने, पेंशनधारियों के 65 वर्ष की आयु के होने पर 20 फीसदी पेंशन राशि में बढ़ोतरी करते हुए 80 वर्ष की आयु में 100 फीसदी बढ़ोतरी करने, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिल रही छूट को समाप्त करने वाले आदेश को वापस लेने, कोरोना महामारी के दौरान पेंशनधारियों के 18 माह के महंगाई राहत के फ्रिज करने वाले आदेश को वापस लेने सम्बंधित विषयों को लेकर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पारित किए जाएँगें।

## बनारस की गलियों में आज से खुलेआम रितेश पाण्डेय करने जा रहे हैं भ्रष्टाचार .!



भ्रष्टाचार इस शब्द के सुनते ही इंसान के मन: मस्तिष्क में कई प्रकार की बातें घुमड़ने लगती हैं, लगता है कि जैसे कोई आपके बगल से कुछ चुरा ले गया और आप टुकुर टुकुर देखते ही रह गए । ऐसे में इंसान अपनी सुध बुध खो देता है । क्योंकि जहाँ जहाँ भ्रष्टाचार होता है वहां इंसानियत जिंदा नहीं रह पाती । अब रितेश पाण्डेय जैसे मंझे हुए कलाकार भी जब इस भ्रष्टाचार का शिकार हो सकते हैं तो फिर बाकी आम इंसान कि तो बात ही क्या करना । भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में उनका साथ देने आ रही हैं प्राप्ति शुक्ला । अभी विगत दिनों में ही उनका एक पोस्टर वायरल हुआ था जिसमें रितेश पाण्डेय एक स्कूटी पर बैठे हुए चेहरे पर तनाव लेकर जा रहे थे और पीछे पूरी भीड़ उनके पीछे पड़ी हुई नज़र आ रही थी । दरअसल में उस दिन रितेश पाण्डेय की आगामी फिल्म भ्रष्टाचार का फर्स्टलुक पोस्टर रिलीज़ किया गया था जिसकी शूटिंग आज से बनारस में शुरू हो रही है । फर्स्टलुक पोस्टर पर रितेश पाण्डेय स्कूटी पर बैठे थे और उनके चेहरे पर तनाव साफ साफ देखा जा रहा था , वहीं बैकग्राउंड में काफी भींड़ और आगजनी की तस्वीरें दिखाई दे रही थीं ।

## वैवाहिक बंधन में बंधी एथलीट सुधा सिंह

रायबरेली । एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता एवं पद्मश्री से सम्मानित एथलीट सुधा सिंह गुरुवार को वैवाहिक बंधन में बंध गयीं। 25 जून 1986 को रायबरेली में जन्मी सुधा सिंह का विवाह आज लखनऊ के होटल क्लर्क अवध में हो रहा है। वह रायबरेली आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने में यह ओएसडी स्पोर्ट्स के पद पर कार्यरत है। बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली सुधा सिंह ने अपनी प्रतिभा के बल से खेल की दुनियां में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। एथलेटिक्स में कैरियर संवारने के लिए सुधा सिंह ने वर्ष 2003 में स्पोर्टस हास्टल लखनऊ ज्वाइन किया और आगे कदम बढ़ाया। तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। पानी और बाधा को पार करके दौड़ पूरी करने वाले स्टीपल चेज जैसे खेल को खेलने वाली सुधा जीवन की दौड़ में भी किसी रुकावट को अपनी सफलता के आगे नहीं आने दिया।

# सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगी योगी सरकार

## शरद ऋतु के दौरान बसों के सुरक्षित संचालन के सम्बंध में दिए गए निर्देश

**लखनऊ।** शरद ऋतु में कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है।

इसी कड़ी में कोहरे में सुरक्षित बस संचालन के संबंध में परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है की सुरक्षित यात्रा मुहैया कराने के लिए पूर्व तैयारी जरूरी है।

इसके लिए अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर जरूरी उपकरण, कल-पूर्जे इत्यादि ठीक कराए जाएं।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए कि परिवहन निगम की सभी बसों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगे हों, विद्युत वायरिंग की दशा ठीक हो, हेडलाइट, बैक लाइट, टेल लाइट, साइड, इन्डीकेटर लाइट, हार्न सही दशा में एवं कार्यरत हों।

उन्होंने कहा कि बसों के शीशे बन्द करने-खोलने में यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही बसों के संचालन से सम्बंधी सभी जरूरी उपकरण लगे होने चाहिए एवं कार्यरत होने चाहिए। निर्देश दिये कि ड्राइवरों को सुरक्षित संचालन के सम्बंध में जागरूक किया जाए। ड्राइवरों को दुर्घटना बाहुल्य स्थानों, ब्लैक स्पाट एवं डायवर्जन के बारे में अवश्य बताया जाए।

### बिजी बस स्टेशन पर रात में भी तैनात किया जाए सुपरवाइजर

उन्होंने कहा कि ऐसे बस स्टेशन जहां पर पूरी रात बसों का आवागमन होता है, वहां पर रात्रिकालीन हेतु सुपरवाइजर की तैनाती की जाए, जो कोहरे की स्थिति के दृष्टिगत बसों के संचालन, स्थगन अथवा विलम्ब के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं एवं स्वयं निर्णय लें। समय-समय पर बसों की जांच की जाए एवं कमियों को दूर कराने के पश्चात ही बसों का संचालन कराया जाए।

# विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य में पांस सप्ताह का स्वच्छ शौचालय अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व शौचालय दिवस 2023 के अवसर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ' स्वच्छ शौचालय अभियान ' शुरू किया है, जो 19 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक चलेगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मंत्रालय ने सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के प्रभावी संचालन के लिये यह अभियान शुरू किया है।

इसके अंतर्गत पांच सप्ताह तक शौचालयों की सफाई और रखरखाव के विशेष प्रयास किये जायेंगे। मॉडल सार्वजनिक शौचालयों की पहचान करने के लिये शुरू किये गये कार्यक्रमों में स्वच्छता, लोगों तक पहुंच, नयी डिजाइन के साथ-साथ कार्यक्षमता का उदाहरण पेश किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छता के साथ मशीनीकृत सफायी एवं प्रयुक्त जल प्रबंधन पर शहरों का ध्यान केंद्रित करते हुये योजना और कार्यान्वयन रणनीति पर चर्चा के लिये 23 और 24 नवंबर 2023 को चेन्नई, तमिलनाडु में एसबीएम-यू 2.0 के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।




वर्ष 2014 में शुरू किये गये स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता संबंधी प्रयासों से क्रांति ला दी है।

टियर 2 और टियर 3 शहरों में स्वच्छता, कीचड़ की मशीनीकृत सफाई और प्रयुक्त जल प्रबंधन में तेजी लायी गयी है। साथ ही एसबीएम-यू 2.0 ने प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये डिजाइन और कार्यान्वयन में छोटे शहरों द्वारा इनोवेशन, गवर्नेंस, एक सर्कुलर इकॉनमी दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।

एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में, पंचगनी, पाटन, करहाड और कुछ अन्य ने स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में उदाहरण पेश किये हैं।

इसे आगे बढ़ाने के लिये मंत्रालय की दो दिवसीय राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में योजना पर कार्यान्वयन रणनीति पर चर्चा की गयी। यह कार्यशाला, स्वच्छता क्षेत्र को मजबूत करने पर केंद्रित थी।

मंत्रालय की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा और तमिलनाडु के प्रमुख सचिव ने दिशानिर्देश और सलाह संबंधी एक संग्रह पुस्तिका जारी की गयी।

इस अवसर पर सुश्री मिश्रा ने कहा, राष्ट्रीय दृष्टिकोण का पहला सिद्धांत उन रूपरेखाओं से आगे बढ़ना है जो एक विशेष कार्यक्रम द्वारा निर्धारित की गयी हैं।

हमारी जरूरत स्वच्छ भूमि, स्वच्छ पानी और स्वच्छ हवा के माध्यम से सुनिश्चित की जाने वाली सुरक्षित स्वच्छता प्राप्त करना है।